

दैनिक

# क्षितिज किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

आरएनआई क्र.MPHIN/2012/40924

प्रेरणापुंज- विचित्र कुमार सिन्हा -- ब्यूरो प्रमुख भोपाल- विलक्षण सक्सेना

जबलपुर, होशंगाबाद एवं सीहोर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र निर्भीक समाचार-पत्र

प्रधान सम्पादक-कृष्णकान्त सक्सेना वर्ष-14, अंक -289 जबलपुर, सोमवार 08 दिसम्बर 2025 कीमत-1 रूपया पृष्ठ-8 संपादक अरुण श्रीवास्तव


# मदनमहल स्टेशन पर मालगाड़ी की चपेट में 7 लोग, 2 की मौत, बच्चों समेत 5 गंभीर






जबलपुर। **( नगर प्रतिनिधि )।** मदनमहल रेलवे स्टेशन पर शनिवार देर रात एक दिल दहला देने वाला हादसा हुआ, जिसमें मालगाड़ी की चपेट में आने से एक महिला और एक पुरुष की मौत हो गई, जबकि दो छोटे बच्चों सहित पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

यह हादसा प्लेटफॉर्म नंबर-1 पर हुआ। भोपाल से जबलपुर आ रही जनशताब्दी एक्सप्रेस से उतरने के बाद तीन महिलाएं, एक पुरुष और तीन बच्चे पटरी पार कर रहे थे, तभी विपरीत दिशा से आ रही मालगाड़ी की चपेट में आ गए।

हादसे में 39 वर्षीय पुष्पा सोनी और राजवीर लोधी की मौके पर ही मौत हो गई। घायलों को तत्काल 108 एम्बुलेंस की मदद से जबलपुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है।

सूचना मिलते ही सीएसपी रितेश कुमार शिव और आरपीएफ पोस्ट प्रभारी सुजीत कुमार मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। घायलों के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए हैं।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार सभी यात्री नरसिंहपुर जिले के मुड़िया गांव के रहने वाले बताए जा रहे हैं। पुलिस यह जांच कर रही है कि ये लोग जबलपुर किस उद्देश्य से आए थे।

घायलों में 22 वर्षीय शिवानी पटेल, 40 वर्षीय नन्ही बाई, राहुल पटेल, 4 वर्षीय रीति पटेल, 2 वर्षीय इंद्रजीत पटेल शामिल हैं।

जानकारी के अनुसार, सभी लोग नरसिंहपुर से जनशताब्दी एक्सप्रेस में सवार हुए थे. मदनमहल स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 1 पर उतरने के बाद वे पटरी की तरफ विपरीत दिशा में जा रहे थे, तभी दूसरे प्लेटफॉर्म से गुजर रही मालगाड़ी की चपेट में आ गए. हादसे की सूचना मिलते ही सीएसपी रितेश कुमार शिव, आरपीएफ पोस्ट प्रभारी सुजीत कुमार भी घटना स्थल पर पहुंचे.

हादसे में जिस महिला की मौत हुई है, उसकी पहचान 39 वर्षीय पुष्पा सोनी के रूप में हुई है. सभी लोग नरसिंहपुर जिले के मुड़िया गांव के बताए जा रहे हैं. घायलों को जबलपुर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है.

ये लोग हैं घायल

22 वर्षीय शिवानी पटेल, 40 वर्षीय नन्ही बाई, राहुल पटेल, 4 वर्षीय रीति पटेल (बच्ची), 2 वर्षीय इंद्रजीत पटेल (पिता राहुल पटेल). घटना उस समय हुई जब रानी कमलापति से चलकर मदन महल जनशताब्दी एक्सप्रेस पहुंची। उसमें सवार कुछ यात्री प्लेटफार्म एक पर ट्रेन से उतरकर बाहर निकलने के लिए पैदल पटरियां पार करते हुए प्लेटफार्म नंबर दो की ओर जा रहे थे। वे मुख्य स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो पर चढ़ने की कोशिश कर रहे थे तभी उसी लाइन पर एक मालगाड़ी आ गई। जबलपुर से कछपुरा की ओर जा रही इस गाड़ी का चालक जब तक ब्रेक लगता यात्री मालगाड़ी से टकरा गए। हादसे में महिला पुष्पा सिर में चोट लगने के कारण गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, जहां मृत घोषित कर दिया गया।

घायल सभी आपस में परिचित

पुलिस के अनुसार घायल यात्री आपस में परिचित हैं। वे लोग नरसिंहपुर से जनशताब्दी एक्सप्रेस में जबलपुर आने के लिए सवार हुए थे। मदन महल स्टेशन में ट्रेन पहुंचने पर उनका यात्री डिब्बा जबलपुर स्टेशन के करीब पहुंचा। जल्दी बाहर जाने के लिए उन्होंने रेल पटरी पार करने का प्रयास किया। पुरुष यात्री फटाफट प्लेटफार्म के ऊपर चढ़ गए। उनके साथ जा रही तीन महिलाएं और दो बच्चे प्लेटफार्म पर चढ़ पाते उसके पहले ही यह हादसा हो गया। बच्चों की आयु दो से पांच वर्ष के मध्य है। गनीमत यह रही की दुर्घटना में बच्चों को गंभीर चोट नहीं आई है। अन्य दो महिलाओं की स्थिति खतरे से बाहर है।

जांच में जुटे अधिकारी

घटना होते ही मदन महल रेलवे स्टेशन के अधिकारी, आरपीएफ और जीआरपी के अधिकारी मौके पर पहुंच गए। सभी छह घायलों को तुरंत मेडिकल अस्पताल लेकर गए। उसके बाद देर रात को अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण भी किया। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि फुटओवर ब्रिज से ना चढ़कर यात्रियों के शार्टकट लेने के चक्कर में हादसा हुआ है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है।

## आस्था सही, पर राम पर टिप्पणी बर्दाश्त नहीं, बाबरी मस्जिद की नींव पर धीरेंद्र शास्त्री का बयान



कोलकाता -(आरएनएस)। कोलकाता में 5 लाख लोगों ने लोकखो कंठे गीता पाठ किया, जिस पर धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि यह सनातन एकता विश्व शांति का सबसे बड़ा साधन है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत सनातन और भगवा-ए-हिंद चाहता है, न कि तनातानी या गजवा-ए-हिंद। उन्होंने इस भव्य आयोजन को कोलकाता का महाकुंभ मेला बताया। कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में रविवार को सनातन संस्कृति संसद द्वारा लोकखो कंठे गीता पाठ (लाखों कंठों से गीता पाठ) का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में 5 लाख से ज्यादा लोगों ने एक साथ पवित्र भगवत गीता का पाठ किया, जिससे आस्था और उत्साह का माहौल बन गया। इस कार्यक्रम में शामिल हुए बागेश्वर धाम सरकार आचार्य धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने इस आयोजन की प्रशंसा की। उन्होंने कहा, आज, पश्चिम बंगाल के कोलकाता की पवित्र भूमि पर 500,000 लोगों ने एक साथ गीता का पाठ किया। उत्साह और आस्था की लहर देखकर ऐसा लगा जैसे कोलकाता में महाकुंभ मेला लगा हो। उन्होंने आगे कहा कि सनातन धर्म की एकता ही इस देश और दुनिया के लिए विश्व शांति का सबसे बड़ा साधन है। शास्त्री ने जोर देकर कहा, भारत में, हम सनातन चाहते हैं, तनातानी नहीं। भारत में, हम भगवा-ए-हिंद चाहते हैं, गजवा-ए-हिंद नहीं।

बाबरी मस्जिद की नींव पर भी दी प्रतिक्रिया

मुर्शिदाबाद के बेल्डंगा में निलंबित टीएमसी विधायक हुमायूं कबीर द्वारा रखी गई बाबरी मस्जिद की नींव के पत्थर पर भी धीरेंद्र शास्त्री ने अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, %अगर किसी की ऐसी आस्था है, तो वह अपनी आस्था के अनुसार इसे स्वीकार कर सकता है। इसमें कोई गलती या अपराध नहीं है। हालांकि, उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा, %लेकिन कोई भी हमारे भगवान राम पर टिप्पणी नहीं कर सकता। अगर हमारे मंदिर बनने पर कोई टिप्पणी करता है, तो उसका अहंकार सामने आ जाएगा।

महाराष्ट्र-नासिक में बड़ा सड़क हादसा

## सप्तश्रृंगी देवी से लौट रहे श्रद्धालुओं की कार खाई में गिरी, 5 लोगों की मौत

नासिक. महाराष्ट्र के नासिक जिले के वनी इलाके में एक इनोवा कार गहरी खाई में गिर गई, जिसमें सवार सभी 5 लोगों की मौत हो गई. हादसे के वक्त सभी श्रद्धालु सप्तश्रृंगी देवी के दर्शन करके वापस लौट रहे थे, लेकिन रास्ते में उनकी कार अचानक अनियंत्रित होकर सीधी घाटी में जा समाई.

घटना वनी के गणपति प्वाइंट के पास हुई बताई जा रही है. यह जगह घाट एरिया में आती है, जहां सड़कें घुमावदार और ऊंचाई पर होती हैं. लौटते समय कार पर से कंट्रोल छूट गया और वाहन सुरक्षा बैरिकेड तोड़कर नीचे गहरी खाई में जा गिरा. हादसा इतना जोरदार था कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और किसी को बचने का मौका ही नहीं मिला.

घटना की जानकारी मिलते ही आस-पास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और राहत कार्य शुरू किया. थोड़ी देर में आपदा प्रबंधन दल भी पहुंच गया. लेकिन घाटी बहुत गहरी होने के कारण टीम को नीचे उतरने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा. फिलहाल शवों को बाहर निकालकर अस्पताल भेज दिया गया है. इस हादसे की खबर फैलते ही पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है. जो लोग सप्तश्रृंगी देवी के दर्शन करने पहुंचे थे, वे भी इस घटना से सदमे में हैं. पुलिस का कहना है कि कार क्यों अनियंत्रित हुई, इस बारे में जांच जारी है.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव के समक्ष बालाघाट में 10 इनामी नक्सलियों ने किया समर्पण

## सतत निगरानी, सघन जांच और कार्रवाई से तेज़ी से घटा है नक्सली दायरा- मुख्यमंत्री डॉ. यादव



भोपाल (आरएनएस)।-मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में नक्सलवाद के सफ़ाये की दिशा में एक बड़ी सफलता मिली है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के समक्ष बालाघाट में रविवार को 10 नक्सलियों ने आत्म समर्पण किया, जिनमें 4 महिला नक्सली भी शामिल हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उन्हें संविधान की प्रति प्रदान कर मुख्यधारा से जोड़ा। आत्म समर्पण करने वाले नक्सलियों ने अपने हथियार मुख्यमंत्री को सौंपे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप सरकार जनवरी 2026 तक मध्यप्रदेश को नक्सल मुक्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि एक भी व्यक्ति को हथियार उठाने की अनुमति नहीं है। मुख्यमंत्री ने नक्सलियों से आह्वान किया कि वे सरकार की पुनर्वास नीति अपनाएं। सरकार उनके जीवन को सुरक्षित करने, विकास सुनिश्चित करने और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए हर संभव प्रयास करेगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अधिकारियों और जवानों की हौसला अफजाई करते हुए कहा कि एंटी नक्सल अभियान को लगातार सशक्त और सुदृढ़ किया जा रहा है। प्रदेश में 15 नवीन अस्थायी कैंप और विशेष सहयोगी दस्ता के 882 पद स्वीकृत किए गए हैं। सतत निगरानी, सघन जांच और कार्रवाइयों से प्रदेश में नक्सली दायरा तेज़ी से घटा है। उन्होंने कहा कि पुनर्वास के लिए नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में पिछले वर्ष 46 एकल सुविधा केंद्र खोले गए। इन केंद्रों के माध्यम से रोजगार, वन अधिकार पत्र और अन्य आवश्यक सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शहीद आशीष शर्मा की वीरता को नमन करते हुए कहा कि कर्तव्यपथ में उत्कृष्टता से कार्य करने वाले 328 हॉक फोर्स सहित पुलिस अधिकारियों को आउट ऑफ टर्न प्रमोशन दिया गया है। उन्होंने कहा कि जो कानून की राह अपनाते हैं, उनकी पुनर्वास की चिंता सरकार की है। डीजीपी श्री कैलाश मकवाना ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में एंटी नक्सल अभियान को सशक्त किया गया है। नए कैंप स्थापित किए गए हैं, हॉक फोर्स और पुलिस बल में वृद्धि की गई है। साथ ही अधिकारियों और जवानों को सतत प्रोत्साहन दिया जा रहा है। इन कार्रवाइयों के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। मध्यप्रदेश सहित अन्य राज्यों में भी नक्सल समर्पण लगातार बढ़ रहा है।

## इंडिगो संकट- यात्रियों को ?610 करोड़ का रिफंड, सरकार का किराया और छूटे सामान के लिए 48 घंटे का अंतिम आदेश




नई दिल्ली.(आरएनएस)। देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो में हालिया परिचालन संकट के बीच सरकार ने कड़े कदम उठाते हुए यात्रियों को बड़ी राहत दी है. नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने रविवार को स्पष्ट किया कि एयरलाइन अब तक ?610 करोड़ का रिफंड यात्रियों को जारी कर चुकी है और स्थिति को सामान्य बनाने के लिए सख्ती से निगरानी की जा रही है. मंत्रालय ने अचानक बढ़ी हवाई किरायों पर लगाम कसने के लिए तत्काल %किराया सीमा% (स्नड्डह्न ष्टड्डश्च) लागू की, जिसे कोविड अवधि के बाद सरकार का सबसे सीधा हस्तक्षेप माना जा रहा है. इस कदम से प्रभावित रूट्स पर टिकट की कीमतें अब स्वीकार्य स्तर पर लौट आई हैं, जिससे यात्रियों की जेब पर पड़ने वाला बोझ कम हुआ है.

विमानन मंत्रालय ने इंडिगो को सख्त समयसीमा देते हुए आदेश दिया है कि रद्द या अत्यधिक विलंबित उड़ानों का सारा रिफंड रविवार रात 8 बजे तक हर हाल में पूरा कर दिया जाए. एयरलाइन के सामान्य परिचालन में 2,300 उड़ानें होती हैं, लेकिन संकट के कारण 5 दिसंबर को यह संख्या घटकर 706 रह गई थी, जो अब बढ़कर रविवार तक लगभग 1,650 तक पहुंचने का अनुमान है. हालांकि, मंत्रालय ने यह भी जानकारी दी कि अन्य सभी घरेलू एयरलाइंस पूरी क्षमता के साथ सुचारू रूप से उड़ान भर रही हैं.

यात्रियों के वित्तीय नुकसान को रोकने के लिए सरकार ने एक और अहम निर्देश दिया है. रद्द उड़ानों के कारण यात्रा बदलने (री-शेड्यूलिंग) पर यात्रियों से कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जाएगा. इसके लिए इंडिगो को विशेष सपोर्ट सेल बनाने पड़े हैं, जिनका काम रिफंड और रीबुकिंग को बिना किसी देरी के संभालना है. यह यात्रियों के लिए एक बड़ी राहत है जो अचानक उड़ानें रद्द होने से उपजी अनिश्चितता से जूझ रहे थे.

सबसे बड़ी चिंता यात्रियों के छूटे हुए सामान (बैगेज) को लेकर थी, जिसे लेकर सरकार ने इंडिगो को 48 घंटे का अल्टीमेटम दिया है. मंत्रालय ने साफ कहा है कि उड़ान अव्यवस्था के दौरान यात्रियों से अलग हुए सभी बैग को 48 घंटे के भीतर खोजकर उन तक पहुंचाया जाए. एयरलाइन शनिवार तक 3,000 से अधिक बैग यात्रियों को सौंप चुकी है, लेकिन मंत्रालय ने यह सुनिश्चित करने को कहा है कि सभी यात्रियों के सामान वापस मिलने तक एयरलाइन उनसे लगातार संपर्क बनाए रखे. दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु, चेन्नई, हैदराबाद, अहमदाबाद और गोवा जैसे प्रमुख एयरपोर्ट्स के निदेशकों ने बताया कि सभी टर्मिनलों पर परिचालन सामान्य है. चेक-इन, सिक्योरिटी और बोर्डिंग पर कोई असामान्य भीड़ नहीं देखी गई है.

## बाबरी की तर्ज पर बंगाल में मस्जिद की नींव, ममता की चुप्पी पर सवाल, राजनीति में उबाल



कोलकाता -(आरएनएस)। सस्पेंड किए गए तृणमूल कांग्रेस के विधायक हुमायूं कबीर ने शनिवार को मुर्शिदाबाद जिले के रेजीनगर में एक नई मस्जिद की नींव रखी। बताया गया है कि इस मस्जिद का डिजाइन अयोध्या की बाबरी मस्जिद जैसा होगा। इस पूरे कार्यक्रम के दौरान बहुत कड़ी सुरक्षा व्यवस्था थी। यह घटना अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले पश्चिम बंगाल के राजनीतिक माहौल को और भी ज्यादा गरमा रही है।

इस शिलान्यास पर विभिन्न नेताओं ने अपनी प्रतिक्रियाएं दी हैं। कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि लोगों को अपने धार्मिक स्थल बनाने का अधिकार है। उन्होंने इस मुद्दे पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की चुप्पी पर सवाल उठाया, जबकि मुर्शिदाबाद की 70 प्रतिशत आबादी मुस्लिम समुदाय की है। उन्होंने बताया कि हाईकोर्ट ने भी इस मामले का संज्ञान लिया है और सरकारों को निर्देश दिए हैं। केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा कि मंदिर या मस्जिद बनाने में कोई गलती नहीं है, लेकिन अगर इसे धार्मिक उन्माद फैलाने के लिए बनाया जा रहा है, तो यह गलत है।

## 25 मौतों पर कांग्रेस का हंगामा, मुख्यमंत्री सावंत के इस्तीफे की मांग



गोवा (आरएनएस)।-गोवा के बिर्च बाय रोमियो लेन नाइटक्लब में भीषण आग लगने से 25 लोगों की मौत हो गई और छह घायल हो गए। पुलिस ने क्लब मालिकों गौरव और सौरभ लूथरा के साथ सरपंच रोशन रेडकर को भी हिरासत में लिया है। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ने दुख जताया है। विधायक माइकल लोबो ने बताया कि अब अन्य क्लबों का फायर सेफ्टी ऑडिट किया जाएगा।

पुलिस ने बिर्च बाय रोमियो लेन नाइट क्लब में लगी भीषण आग के मामले में जांच शुरू कर दी है। इस मामले में नाइटक्लब के मालिक गौरव लूथरा और सौरभ लूथरा को बुक किया गया है। साथ ही, अरपोरा-नागोवा के सरपंच रोशन रेडकर को भी हिरासत में लिया गया है। यह दुखद घटना रविवार को आधी रात के बाद हुई, जिसमें कम से कम 25 लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए।

इस भयानक हादसे के बाद गोवा में राजनीतिक हंगामा शुरू हो गया है। कांग्रेस पार्टी ने इस घटना के लिए सीधे तौर पर राज्य सरकार को जिम्मेदार ठहराया है और मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत के इस्तीफे की मांग की है। गोवा कांग्रेस के प्रमुख अमित पाटकर ने कहा, %25 निर्दोष लोग मारे गए हैं, इसलिए मुख्यमंत्री और इसमें शामिल सभी मंत्रियों को नैतिक और राजनीतिक आधार पर तुरंत इस्तीफा देना चाहिए।% उन्होंने राज्यपाल से भी अपील की है कि वे राष्ट्रपति से इस सरकार को बर्खास्त करने का अनुरोध करें, क्योंकि यह राज्य में ऐसी पहली घटना नहीं है।

यह आग उत्तरी गोवा के अरपोरा गांव में स्थित बिर्च बाय रोमियो लेन नाइट क्लब में लगी थी। यह जगह राज्य की राजधानी पणजी से लगभग 25 किलोमीटर दूर है। मारे गए 25 लोगों में से बताया जा रहा है कि 14 लोग नाइटक्लब के कर्मचारी थे, जबकि कुछ पीड़ित पर्यटक भी शामिल थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने इस घटना पर दुख जताया है, और अधिकारियों ने मामले की जांच शुरू कर दी है। गोवा के बीजेपी विधायक माइकल लोबो ने बताया कि अग्निशमन कर्मी और पुलिस ने रात भर बचाव कार्य किया।



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। थाना गोसलपुर में रोशन चौरसिया उम्र 37 वर्ष निवासी बाजार मोहल्ला गांधीग्राम बुढ़ागर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि टेंट का संचालन करता है उसकी महिन्द्रा कम्पनी की सफेद रंग की पिकअप लोडिंग वाहन क्रमांक एमपी 20 जीए 7795 लगभग 4-5 दिन से आर्डर न होने पर हनुमान मढ़िया के सामने मैदान मेन रोड बुढ़ागर में खड़ा था दिनांक 4-12-25 को रात लगभग 10 बजे उसने देखा उसकी पिकअप वाहन मढ़िया के सामने मेन रोड़ बुढ़ागर में खड़ा था आज सुबह लगभग 7 बजे अपना वाहन देखा जो नहीं था

# अंजुमन इस्लामिया स्कूल में मासूमों को अमानवीय दंड देने पर मचा बवाल, वीडियो देख जनमानस में भारी रोष



जबलपुर। शिक्षा की पवित्र दीवारों के भीतर मासूमों को किस हद तक मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना दी जा सकती है, इसका भयावह उदाहरण जबलपुर के प्रतिष्ठित अंजुमन इस्लामिया स्कूल में सामने आया है, जिसने समूचे शहर और अभिभावक वर्ग को स्तब्ध कर दिया है। तीन नन्ही बच्चियों को स्कूल की पहली मंजिल की संकरी बालकनी पर, खतरनाक तरीके से हाथ ऊपर करके लगभग आधे घंटे तक खड़े रहने की सजा देने का मामला सामने आने के बाद जबरदस्त राजनीतिक और सामाजिक उबाल आ गया है। इस पूरी घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जंगल की आग की तरह फैल गया, जिसने न केवल स्कूल प्रबंधन की क्रूरता को बेनकाब किया, बल्कि शिक्षा संस्थानों में बच्चों के प्रति असंवेदनशीलता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

मामले की गंभीरता को देखते हुए, भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) अल्पसंख्यक मोर्चा के महामंत्री मुजम्मिल अली ने शनिवार, 6 दिसंबर 2025 को सुबह ठीक 10 बजे जिला कलेक्टर से मुलाकात की और स्कूल प्रबंधन के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करने की मांग की। महामंत्री अली ने कलेक्टर के सामने अपनी शिकायत में स्पष्ट किया कि स्कूल प्रबंधन ने जिस तरह की अमानवीय और अपमानजनक सजा बच्चियों को दी है, वह न सिर्फ बच्चों के अधिकारों का हनन है, बल्कि पूरी तरह से अवैधानिक और असांविधानिक है। यह कृत्य उन सभी नियमों और कानूनों का उल्लंघन है जो स्कूलों में बच्चों को शारीरिक या मानसिक दंड देने पर रोक लगाते हैं। वायरल वीडियो में बच्चों की बेबसी साफ दिखाई देती है, जो उनके कोमल मन पर एक गहरा और स्थायी घाव छोड़ सकती है।

शिकायत में कहा गया है कि बच्चियों को इस तरह की सजा देने से उनके मन में स्कूल के प्रति एक गहरा डर बैठ जाएगा, जिसका नकारात्मक असर उनकी शिक्षा और व्यक्तित्व विकास पर पड़ना तय है। बच्चों को खुले आसमान के नीचे, ऊंचाई पर, हाथ ऊपर करके खड़ा करना एक तरह का सार्वजनिक अपमान भी है, जो शिक्षा के मूलभूत सिद्धांतों के खिलाफ है। बच्चों के अभिभावकों और आम नागरिकों में इस घटना को लेकर तीव्र आक्रोश है। लोगों का कहना है कि अगर बच्चों से कोई गलती हुई भी थी, तो भी उन्हें डांटने या समझाने के कई तरीके हो सकते थे, लेकिन इस तरह की प्रताड़ना देना सीधे तौर पर बाल अधिकारों का उल्लंघन है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लोग इस स्कूल और संबंधित शिक्षिका के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं, ताकि यह एक नज़ीर बन सके और भविष्य में कोई भी शिक्षण संस्थान ऐसा कृत्य करने की हिम्मत न जुटा सके।

कलेक्टर कार्यालय में शिकायत सौंपने के बाद, महामंत्री मुजम्मिल अली ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि बच्चों को इस तरह की सजा देने वाले शिक्षकों को तत्काल निलंबित किया जाना चाहिए और स्कूल प्रबंधन पर भी कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि अंजुमन इस्लामिया स्कूल एक प्रतिष्ठित संस्थान है और ऐसे संस्थान से इस तरह की बर्बरतापूर्ण घटना सामने आना निंदनीय है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही दोषियों पर कार्रवाई नहीं की गई तो बीजेपी अल्पसंख्यक मोर्चा सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेगा। इस शिकायत के बाद जिला कलेक्टर ने मामले का तुरंत संज्ञान लिया और जिला शिक्षा अधिकारी को घटना की गहन और त्वरित जांच करने के आदेश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा है कि जांच रिपोर्ट के आधार पर, जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ नियमानुसार कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

इधर, जिला शिक्षा विभाग ने भी मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए एक जांच दल का गठन किया है, जिसने तत्काल स्कूल का दौरा किया। ष्ठश्वह्र कार्यालय से जारी प्रारंभिक बयान में बताया गया है कि जांच टीम ने स्कूल के शिक्षकों, प्रबंधन और प्रत्यक्षदर्शी छात्रों के बयान दर्ज किए हैं।



## बिना लाइसेंस के धान खरीदने पर दुकान सील-134 कट्टा धान जब्त

जबलपुर- कलेक्टर राघवेंद्र सिंह के निर्देशानुसार उपार्जन व्यवस्था का अनुचित लाभ उठाने के प्रयासों पर सख्ती से लगाम लगाने की जा रही कार्यवाही के तहत आज रविवार पनागर के ग्राम पुरैना में राजस्व विभाग की टीम द्वारा नायब तहसीलदार के नेतृत्व में अवैध रूप से भण्डारित 134 कट्टा धान जब्त की गई है। जब्त की गई धान पुरैना स्थित दुकान साक्षी सेल्स में रखी पाई गई थी। बिना लायसेंस के धान खरीदने के मामले में इस दुकान को सील कर दिया गया है। जब्त धान का विक्रय प्रतिबंधित कर दुकान संचालक की सुपुर्दगी में दे दिया गया है।

## धर्मशास्त्र नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी जबलपुर ने क्लैट 2026 का आयोजन किया

**जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।** कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट (क्लैट -2026) परीक्षा 07.12.2025 को धर्मशास्त्र राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, जबलपुर में आयोजित की गई थी। क्लैट परीक्षा भारत भर के 27 राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालयों में प्रवेश के लिए आयोजित की जाती है।

क्लैट 2026 परीक्षा में लगभग 805 छात्र (628 स्नातक कार्यक्रम में और 177 स्नातकोत्तर कार्यक्रम में) उपस्थित हुए। परीक्षा जबलपुर के रिज रोड पर स्तिथ बीएसएनएल ट्रेनिंग कैंपस में आयोजित की गई। परीक्षा धर्मशास्त्र नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के माननीय कुलपति और रीजनल कोऑर्डिनेटर प्रो. (डॉ.) मनोज कुमार सिन्हा, कुलसचिव और जोनल कोऑर्डिनेटर डॉ. प्रवीण त्रिपाठी के नेतृत्व में 27 इनविजिलेटर की निगरानी में आयोजित की गई। जबलपुर सेंटर को क्लॉट कोऑर्डिनेटर डॉ. गार्गी चक्रवर्ती और सेंटर सुपरिटेंडेंट डॉ. विमल विश्वकर्मा ने कोऑर्डिनेट किया। डॉ. संकल्प सिंह और डॉ. श्रुति नंदवाना परीक्षा के पर्यवेक्षक थे। क्लैट की गाइडलाइंस को ध्यान में रखते हुए परीक्षा के लिए सभी जरूरी इंतजाम किए गए थे। विद्यार्थियों व अभिभावकों ने व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया।

**कृषि उपज मंडी में लगातार दूसरे रविवार को लगा जैविक हाट**

## जैविक हाट की बढ़ रही लोकप्रियता जैविक उत्पादों को खरीदने बड़ी संख्या में पहुंचे लोग



जबलपुर-जैविक उत्पादों के प्रति लोगों में बढ़ते हुए रुझान को देखते हुए एक अनूठी पहल के तहत जिला प्रशासन एवं किसान कल्याण तथा कृषि विभाग के सहयोग से आज लगातार दूसरे रविवार को कृषि उपज मंडी जबलपुर के प्रांगण में साप्ताहिक जैविक हाट का आयोजन किया गया। जैविक हाट लोगों के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। नागरिक अपने स्वस्थ के प्रति जागरूक हो रहे है और जमकर जैविक उत्पादों की खरीदारी कर रहे हैंए इससे किसान भी जैविक खेती का रकबा बढ़ाने एवं नए किसान जैविक खेती अपनाने के लिए प्रेरित हो रहे हैं।

उप संचालक कृषि डॉ एस के निगम ने बताया कि जैविक हाट में किसान कल्याण तथा कृषि विभागए आत्मा परियोजना और एनआरएलएम से जुड़े किसानों द्वारा अपने उत्पादित जैविक सामग्री का विक्रय किया गया ।

जैविक हाट में पाटन के खजरी के श्री रघुवीर कृपा जैविक गुड उद्योग का जैविक गुड़ ए बघराजी के शिवम विश्वकर्मा की पत्तेदार सब्जियां एवं शहद और नीबू ए गोदावरी कृषि फार्म की सब्जियांए आटा एचावल और घीए कृष्णपाल सिंग का अमरूदए पाटन के ग्राम मादा की मटर और चियाए महिला स्व.सहायता समूह की सदस्यों द्वारा लाई गई सब्जियां हाथों हाथ बिक गई। अर्चना प्राकृतिक खेती केन्द्र की तैयार खाद्य सामग्री में रागी इडलीए मूंग स्प्राउट को लोगों ने बड़े मजे से खाया।

## सालों से बिजली खम्बों, लाइनों, ट्रांसफार्मर का मेंटेनेंस नहीं होने की वजह से ... आज मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र आग ढेर पर है

जबलपुर- पूर्व पार्षद ताहिर अली ने बताया कि गाजी नगर में आज साम 6 बजे मंगन होटल के पास अचानक ट्रांसफार्मर धू धू कर जल रहा है यह ट्रांसफार्मर कोई हादसा नहीं है बिजली विभाग की सालों की लापरवाही का नतीजा है। स्मार्ट मीटर लगवाने के नाम पर बिजली विभाग के पास सैंकड़ों कर्मचारी हैं। .. लेकिन बिजली की लाइनें ट्रांसफार्मर का मेंटेनेंस करने की जब बात आती है तो बिजली विभाग संसाधन की कमी का बहाना बनाकर लोगों को मरने के लिए छोड़ देता है। गाजी नगर क्षेत्र गरीब होने की वजह से बिजली विभाग की बदतरीन लापरवाही का शिकार है। गाजी नगर की लाइनों का मेंटेनेंस हो ट्रांसफार्मर दुरुस्त किए जाएं। एमपीईबी प्रशासन को चेतावनी दी गई अगर जल्द बस्तियों की लाइट ट्रांसफार्मर का मेंटनेंस नहीं किया गया तो इसके लिए मेरे द्वारा आंदोलन किया जाएगा। पंडित मोतीलाल नेहरू वार्ड के गाजी नगर मंगन होटल के पास ट्रांसफार्मर मै जबरदस्त आग लगी अधारताल डी ई को अवगत कराया गया !! एमपीईबी के लोगों के आने से पहले क्षेत्रीय लोगों ने आपसी सहयोग से आग को बुझाया गया !! पर एमपीईबी का कोई भी व्यक्ति कई बार मोबाइल करने के बाद नहीं पहुंचा !! गोहलपुर पोलिश मौके पर पहुंची !! पूर्व पार्षद ताहिर अली ने जानकारी दी प्रशासन को

# 6 दिसंबर को सफल संपन्न हुआ ग़ाज़ियाबाद लिटरेचर फेस्टिवल



ग़ाज़ियाबाद के बृज विहार स्थित बाल भारती पब्लिक स्कूल में 6 दिसंबर को होने वाले ग़ाज़ियाबाद लिटरेचर फेस्टिवल का तृतीय संस्करण शहर के साहित्यप्रेमियों, छात्रों और अभिभावकों के लिए एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक आयोजन बनने जा रहा है।

इस वर्ष यह महोत्सव गुरुदेव रबीन्द्रनाथ टैगोर जी को समर्पित होगा। उनकी स्मृति और सम्मान में महोत्सव को %गीतांजलि% नाम दिया गया है। फेस्टिवल की शुरुआत अतिथियों, वि?द्यालय प्रशासन और आयोजन समिति द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ की जाएगी। दिन भर चलने वाले इस साहित्यिक महोत्सव में कविता-पाठ, कहानी-लेखन, पुस्तक विमोचन, संवाद सत्र, पैनल चर्चाएँ और सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ आयोजित की जाएँगी। छात्रों में भाषा और साहित्य के प्रति रुचि बढ़ाने के उ?द्देश्य से कई रचनात्मक गतिविधियों की भी योजना बनाई गई है, जिनमें बड़ी संख्या में प्रतिभागियों के शामिल होने की संभावना है। कार्यक्रम में आमंत्रित वक्ता साहित्य की बदलती भूमिका, युवाओं में रचनात्मक अभिव्यक्ति और भाषा के महत्व जैसे विषयों पर अपने विचार रखेंगे। ग़ाज़ियाबाद साहित्य समिति द्वारा प्रति वर्ष आयोजित होने वाले इस वृहत साहित्यिक कार्यक्रम में इस बार चालीस से अधिक कवि, लेखक, साहित्यकार और विचारक सम्मिलित होंगे। ग़ाज़ियाबाद साहित्य महोत्सव के निदेशक श्री गौरव शर्मा ने बताया कि प्रति वर्ष यह आयोजन दो दिवसीय होता है किंतु इस वर्ष किन्हीं कारणों से यह एक दिवसीय आयोजन होगा। उन्होंने बताया कि आयोजन समिति इस वर्ष से डॉ कुंवर बेचैन स्मृति काव्य सम्मान भी आरम्भ करने जा रही है और इस वर्ष यह सम्मान प्रख्यात कवि श्री राजेश चेतन जी को दिया जाएगा। विद्यालय प्रबंधन का कहना है कि इस आयोजन का उ?द्देश्य छात्रों को पाठ्यक्रम से आगे बढ़कर साहित्य, विचार और कला की दुनिया से परिचित कराना है। विद्यालय प्रशासन का यह भी कहना है कि ऐसे कार्यक्रम छात्रों में आत्मविश्वास, भाषा कौशल और रचनात्मक सोच को बढ़ावा देंगे। दिन के अंत में सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और पुरस्कार प्रदान किए जाएँगे। उम्मीद है कि यह लिटरेचर फेस्टिवल ग़ाज़ियाबाद में साहित्यिक संस्कृति को नई दिशा और ऊर्जा प्रदान करेगा।

## पंचायत उपचुनाव-सरपंच एवं पंचों के रिक्त पदों के निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन आज

जबलपुर- जिले में पंचायतों के उपनिर्वाचन वर्ष 2025 ;उत्तरार्द्धद्ध में ग्राम पंचायत के सरपंच एवं पंच के रिक्त पदों के निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन सोमवार 8 दिसम्बर को सुबह 10ण्30 बजे किया जाएगा। निर्वाचन की सूचना के प्रकाशन के साथ ही अभ्यर्थियों से नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की प्रक्रिया भी शुरू हो जायेगी। नाम निर्देशन पत्र शनिवार को भी प्राप्त किये जायेंगे। नाम निर्देशन पत्र 15 दिसम्बर की दोपहर 3 बजे तक प्रस्तुत किये जा सकेंगे।

जिला निर्वाचन अधिकारी कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारियों की नियुक्ति की है। जनपद पंचायत जबलपुर में सरपंच एवं पंच के रिक्त पदों के निर्वाचन हेतु तहसीलदार जबलपुर को रिटर्निंग अधिकारी एवं नायब तहसीलदार बरगी को सहायक रिटर्निंग अधिकारी बनाया गया है। इसी प्रकार जनपद पंचायत सिहोराए मझौलीए पाटनए शहपुरा एवं जनपद पंचायत कुण्डम में पंच एवं सरपंचों के रिक्त पदों के निर्वाचन के लिए संबंधित क्षेत्र के तहसीलदार को रिटर्निंग अधिकारी एवं नायब तहसीलदार को सहायक रिटर्निंग अधिकारी बनाया गया है।

जिला निर्वाचन कार्यालय स्थानीय निर्वाचन से प्राप्त जानकारी के अनुसार जबलपुर जिले में पंचायतों के उप.निर्वाचन 2025 उत्तरार्द्ध में सरपंच के 2 रिक्त पद . पाटन जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत मादा एवं सिहोरा जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत बुधुआ . के लिए तथा पंचों के 172 रिक्त पदों पर निर्वाचन होगा। पंच के रिक्त पदों में कुंडम जनपद पंचायत में एकए जबलपुरए शहपुरा और सिहोरा में दो.दोए मझौली में 5 एवं पाटन जनपद पंचायत में 160 रिक्त पद शामिल हैं।

जिला निर्वाचन कार्यालय स्थानीय निर्वाचन के अनुसार सरपंच और पंच के रिक्त पदों के निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन संबंधित रिटर्निंग अधिकारियों द्वारा 8 दिसंबर को सुबह 10ण्30 बजे की जायेगी। निर्वाचन की सूचना के साथ ही पदों के आरक्षण की स्थिति एवं मतदान केंद्रों की सूची भी प्रकाशित की जायेगी। निर्वाचन की सूचना प्रकाशन के तुरंत बाद से नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। अभ्यर्थियों द्वारा 15 दिसंबर की दोपहर 3 बजे तक नाम निर्देशन पत्र रिटर्निंग अधिकारी को जमा किए जा सकेंगे।



# पवित्र व ऐतिहासिक फेरी के साथ हुआ गजरथ महोत्सव का समापन





**जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)।** पवित्र व ऐतिहासिक फेरी के साथ हुआ गजरथ महोत्सव का समापन श्री 1008 मज्जिनेन्द्र चौबीसी जिनबिम्ब पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव विश्वशांति महोत्सव का समापन गजरथ फेरी के साथ उल्लासपूर्वक एवं श्रध्दाश्रम वातावरण में सानंद सम्पन्न हुआ। जबलपुर में यह प्रथम अवसर था जब गजरथ में सात रथों का प्रवर्तन किया गया। 30 नवम्बर से 7 दिसंबर तक चलने वाले जैन संप्रदाय के सबसे बड़े उत्सव में आज गजरथ स्थल में भगवान आदिनाथ की कैलाश पर्वत से निर्वाण प्राप्ति हुई । प्रात: आचार्य श्री समयसागर महाराज के सानिध्य में मोक्ष कल्याणक मनाया गया। पात्र शुद्धि, अभिषेक, शांतिधारा, नित्यमह पूजन प्रतिष्ठाचार्य बाल ब्रह्मचारी विनय भैया (बंडा) ने सम्पन्न कराये। आचार्य श्री ने इस अवसर इन्द्र -इन्द्राणियों एवं उपस्थित जन समूह को मोक्ष की महत्ता समझाई तत्पश्चात् मोक्ष कल्याणक पूजन एवं विश्वशांति महायज्ञ एवं हवन संपन्न हुआ। आचार्य श्री ने अपने संक्षिप्त उदबोधन में कहा अतुलनीय आनंद जो आता है वह संसार अवस्था में संभव नहीं है। आनंद जो होता है वह अपने स्वभाव से ही उत्पन्न होता है। शाश्वत सुख चाहिए तो लोभ की समाप्त कर लो। 7 बजे प्रभु का निर्वाण हुआ वह दृश्य अलौकिक था। योगियों ने भी यह मोक्ष मार्ग बताया है। मोक्ष में किसी प्रकार की से बंधन का अनुभव नहीं होता, बंधन किसी को इष्ट नहीं है। किन्तु संसारी प्राणी बंधन को इष्ट मानता है। अब जोड़ना छोड़ों जो जोड़ा है उसे छोड़ने के लिए बहुत साधना की आवश्यकता होती है। मोक्ष मार्ग समूह का नाम नहीं है। एकाकी होकर ही साधना की जाती है। तप एक दूसरे के साथ संबंध जोड़कर नहीं होता, तप एकांत में होता है। एकांत में रहने से दृष्टि स्वरूप की ओर चली जाती है। लेकिन स्वरुप में ठहरना बहुत कठिन होता है। सिद्ध की आराधना करते- करते हमें सिद्ध होना है। हमें प्रसिद्ध नहीं होना है। श्रमण (मुनि) को भीड़ अच्छी नहीं लगती उन्हें एकांत में रहना पसंद होता है। जहाँ वे आत्म साधना कर सकें। मोक्ष प्राप्त करने के लिए महापुरुष साधना करते हैं। जिसके फलस्वरूप उन्हें मोक्ष पद मिलता है। गजरथ फेरी दोपहर 1.45 बजे शुरु हुई तथा पंडाल के चारों ओर बनाए गए गज पथ पर सात परिक्रमा कर दोपहर में 3 बजे समाप्त हुई। गज पथ के बाहर चारों और जैन एवं जैनेतर पुरुषों का अपार जनसमूह उपस्थित था। गजफेरी में सबसे आगे गजरथ की प्रतिकृती शामिल थी उसके पीछ आचार्यश्री अपने संघ सहित चल रहे थे।



भोपाल। रीवा जिले में होमगार्ड्स का 79वां और नागरिक सुरक्षा संगठन का 63वां स्थापना दिवस मनाया गया। उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने होमगार्ड तथा नागरिक सुरक्षा के स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप शामिल हुए। होमागर्ड परेड मैदान में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ने परेड की सलामी ली और उसका निरीक्षण किया। उन्होंने होमगार्ड जवानों द्वारा प्रस्तुत किए गए आकर्षक मार्चपास्ट की भी सराहना की।

# राजधानी में विभिन्न मार्गों पर बनने वाले द्वार विरासत के साथ विकास को करेंगे जीवंत- मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**महापुरूषों के नाम पर भोपाल में विभिन्न मार्गों पर बनेंगे 9 द्वार-भगवान श्रीराम, श्रीकृष्ण, सम्राट अशोक और विक्रमादित्य के नाम पर होंगे द्वार- मुख्यमंत्री ने निर्वाण दिवस पर संविधान निर्माता डॉ. अंबेडकर का किया स्मरण**



भोपाल- (आरएनएस) मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राजधानी के गौरवशाली अतीत को निखारने के लिए सभी समन्वित आवश्यक प्रयास पूरी प्रतिबद्धता के साथ किए जाएंगे। महान प्रतापी राजा भोज के शासन के एक हजार साल पूर्ण होने पर भोज-नर्मदा द्वार का भूमि-पूजन किया गया था। राजधानी में महान चक्रवर्ती सम्राट विक्रमादित्य के शासन के दो हजार साल पूर्ण होने पर उनके नाम पर बनने वाले द्वार का भूमि-पूजन किया जायेगा। भोपाल में महापुरूषों के नाम पर विभिन्न मार्गों पर 9 भव्य द्वार बनेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ये बात शनिवार को समत्व भवन में विधायक श्री रामेश्वर शर्मा और हुजूर विधानसभा क्षेत्र के नागरिकों द्वारा आयोजित अभिनंदन समारोह में कही।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के निर्वाण दिवस पर स्मरण करते हुए कहा कि आज विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र वाले देश में %चाय वाला% प्रधानमंत्री और %गाय वाला% मुख्यमंत्री है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में विरासत के साथ विकास का कार्य निरंतर तेज गति से जारी है। राजधानी में निर्मित होने वाले भव्य द्वार विभिन्न महापुरूषों और उनकी विरासत को प्रस्तुत करेंगे। उन्होंने कहा कि अयोध्या में भगवान श्रीराम मुस्कुरा रहे हैं, काशी का भी आनंद उसमें जुड़ा है और महाकाल में महालोक छाया हुआ है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में भगवान श्रीकृष्ण ने शिक्षा प्राप्त की है। आचार्य सांदीपनि का आश्रम मध्यप्रदेश की धरोहर है। भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता, अमीर और गरीब की मित्रता का सर्वोत्कृष्ट उदाहरण है। मध्यप्रदेश की धरती से सम्राट विक्रमादित्य के सुशासन का अद्भुत मॉडल सभी के लिए प्रस्तुत किया। आज सम्राट विक्रमादित्य सुशासन के लिए पूरे संसार में जाने जाते हैं। सम्राट अशोक और विश्व प्रसिद्ध धरोहर सांची को जीवंत करते द्वार बनाए जाएंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सनातन संस्कृति में गौमाता का प्रमुख स्थान है। गाय स्वयं के बच्चों के साथ हम सभी का पोषण भी करती है, इसीलिए वह %माता% के रूप में पूजी जाती है। वह अपने आंचल में ममता लिए सबका कल्याण करती है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गौशाला का संचालन करने वालों को सरकार सभी आवश्यक सहायता प्रदान करेगी। गौमाता की रक्षा और सुरक्षा के लिए सरकार निरंतर प्रयास कर रही है। गौपालन के लिए भी सरकार ने मुख्यमंत्री डॉ. अंबेडकर कामधेनु योजना प्रारंभ की है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हुजूर विधानसभा क्षेत्र के नागरिकों का मुख्यमंत्री निवास में स्वागत करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री निवास कार्यकर्ताओं का घर है। उन्होंने विधायक श्री शर्मा और नागरिकों का श्रीराम दरबार भेंट करने पर आभार माना। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का सरकार के 2 साल पूर्ण होने के अवसर पर हुजूर विधानसभा क्षेत्र के नागरिकों ने गजमाला पहनाकर अभिनंदन किया।

विकास एवं विरासत के दो साल

विधायक श्री रामेश्वर शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विकास का नया मॉडल प्रस्तुत किया है। इसमें विरासत के साथ विकास का अद्भुत और अद्वितीय संगम समाहित है। मुख्यमंत्री का अभिनंदन करते हुए कहा कि सम्राट विक्रमादित्य की नगरी उज्जैन के रहने वाले डॉ. यादव, सम्राट विक्रमादित्य की तरह ही सुशासन की परम्परा के सच्चे वाहक हैं। उनके नेतृत्व में विकास का नया मॉडल प्रस्तुत किया गया है। राजा भोज की राजधानी को गौरव प्रदान किया गया है। अब राजा भोज के शहर भोपाल में प्रवेश करते ही लोगों को सांस्कृतिक वैभव के दर्शन होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भोज-नर्मदा द्वार का पहले भूमिपूजन किया अब दो वर्ष पूर्ण होने पर 13 दिसम्बर को विक्रमादित्य द्वार का भूमिपूजन करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में अब भोपाल से मुम्बई, दिल्ली, बेंगलुरू और अन्य शहरों के लिए विमान सेवाएं प्रारंभ हो गई हैं। उन्होंने कहा कि हुजूर विधानसभा क्षेत्र में निर्मित होने वाले भव्य द्वारों का स्वरूप अलग-अलग होगा। सभी में भारतीय संस्कृति की अद्भुत झलक दिखाई देगी। समारोह में श्री राहुल कोठारी, श्री तीरथदास सिन्हा सहित जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

प्रमुख बिंदु

भोपाल में महापुरूषों के नाम पर विभिन्न मार्गों पर 9 भव्य द्वार बनेंगे। आज संसार के सबसे बड़े लोकतंत्र वाले देश में %चाय वाला% प्रधानमंत्री और %गाय वाला% मुख्यमंत्री है।

विधायक श्री रामेश्वर शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विकास का नया मॉडल मध्यप्रदेश में प्रस्तुत किया।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में विरासत के साथ विकास का कार्य निरंतर तेज गति से जारी है।

राजधानी में निर्मित होने वाले भव्य द्वार विभिन्न महापुरूषों और उनकी विरासत को प्रस्तुत करेंगे।

अयोध्या में भगवान श्रीराम मुस्कुरा रहे हैं, काशी का भी आनंद उसमें जुड़ा है और महाकाल में महालोक छाया हुआ है।

आचार्य सांदीपनि का आश्रम मध्यप्रदेश की धरोहर है।

भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता, अमीर और गरीब की मित्रता का सर्वोत्कृष्ट उदाहरण है।

मध्यप्रदेश की धरती से सम्राट विक्रमादित्य ने सुशासन का अद्भुत मॉडल सभी के लिए प्रस्तुत किया।

सनातन संस्कृति में गौमाता का प्रमुख स्थान है। गाय स्वयं के बच्चों के साथ हम सभी का भी पोषण करती है, इसीलिए वह %माता% के रूप में पूजी जाती है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का सरकार के 2 साल पूर्ण होने के अवसर पर हुजूर विधानसभा क्षेत्र के नागरिकों ने गजमाला पहनाकर अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री ने क्षेत्र के नागरिकों के साथ में फोटो क्लिक करवाए।

**विश्वमंच पर सिरमौर भारत की संकल्पना सिद्धि का सशक्त उपक्रम है राष्ट्रीय शिक्षा नीति -उच्च शिक्षा मंत्री परमार**

# युवाओं के पुरुषार्थ एवं परिश्रम से पुनः विश्वगुरु बनेगा भारत




भोपाल- भारतीय परम्परा में शिक्षा के मंदिर केवल उपाधियां देने का माध्यम नहीं बल्कि समाज के विभिन्न पहलुओं में अपना योगदान सुनिश्चित करने वाले श्रेष्ठ नागरिक निर्माण करने का उपक्रम रहे हैं। अतीत के कालखंडों में भारतीय शिक्षा के दर्शन को दूषित करने का कुत्सित प्रयास किया गया लेकिन राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 ने, भारत की प्राचीनतम ज्ञान पद्धति को पुन: शिक्षा में समावेश करने का महत्वपूर्ण सौभाग्य प्रदान किया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020, पूर्वजों के ज्ञान से प्रेरणा लेकर अपने पुरुषार्थ और कौशल से, विश्वमंच पर शक्तिशाली भारत के निर्माण के संकल्प को पूरा करने का सशक्त उपक्रम है। यह बात उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री श्री इन्दर सिंह परमार ने शनिवार को भोपाल स्थित %जागरण लेकसिटी यूनिवर्सिटी% के 10वें दीक्षांत समारोह (कॉन्वोकेशन सेरेमनी) में मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता कर कही। मंत्री श्री परमार ने विभिन्न संकायों के प्रतिभावान शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों को उपाधियां एवं पदक प्रदान कर, उन्हें बधाई दी और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की। श्री परमार ने आशा व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों से कहा कि आप अपने ज्ञान का उपयोग न केवल अपने व्यक्तिगत बल्कि समाज और राष्ट्र के विकास में भी करें और मां भारती के परम वैभव की पुनर्प्राप्ति में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। उच्च शिक्षा मंत्री श्री परमार ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 ने शिक्षा में गुणवत्तापूर्ण, ज्ञान आधारित एवं श्रेष्ठ जीवन मूल्यों से परिपूर्ण भारतीय दर्शन के समृद्ध समावेश का महत्वपूर्ण अवसर दिया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के संकल्प को साकार करने में सरकार के साथ समाज की सहभागिता की भी आवश्यकता है। इस संकल्प की सिद्धि में विश्वविद्यालयों का योगदान सुनिश्चित करना होगा, तभी भारत राष्ट्रीय पुनर्निर्माण के संकल्प को साकार कर सकेगा। मंत्री श्री परमार ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के स्वतंत्रता के शताब्दी वर्ष 2047 तक भारत को पुन: विश्वगुरु एवं आत्मनिर्भर बनाने की संकल्पना में हर युवा के पुरुषार्थ एवं परिश्रम की आवश्यकता है। इसके लिए हमें स्वदेशी को अपनाने की भावना को प्रबल करना होगा और भारतीय परिश्रम से बने स्वदेशी उत्पादों को आत्मसात करने की ओर बढ़ना होगा।

# गीता कराती है आत्मा , परमात्मा और सृष्टि का विधान - डॉअभिजात त्रिपाठी




**जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)**। उच्च शिक्षा विभाग के आदेशानुसार गीता जयंती के अवसर पर श्री जानकीरमण महाविद्यालय के सभागार में श्रीमद् भागवत गीता पर केंद्रित विचार गोष्ठी का आयोजन संपन्न हुआ । जिसकी अध्यक्षता श्रीजानकीरमण महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अभिजात त्रिपाठी ने की आयोजन का शुभारंभ श्रीमद्भागवत गीता जी का पूजा अर्चन कर प्रारंभ किया तदोपरांत डॉ गंगाधर त्रिपाठी, डॉ आनंद सिंह राणा एवं अजय मिश्रा ने गीता जयंती पर अपने अपने विचार व्यक्त किए।

अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए डॉ. अभिजात त्रिपाठी ने कहा कि श्रीमद्भागवत गीता हमे आत्मा , परमात्मा और सृष्टि का विधान करना सिखाती हैं तथा एक मार्गदर्शिका है जो सिखाती है कि जीवन की विपरीत परिस्थितियों का सामना कैसे करें।

संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ आंनद सिंह राणा ने कहा कि गीता केवल एक ग्रंथ नहीं है वरन मानसिक चेतना का सार ,कर्म सिद्धांत की प्रमाणिकता को सिध्द करता है।आभार मुकेश श्रीवास्तव ने ज्ञापित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार के सदस्य डॉ अनामिका सिंह, सुश्री प्रगति शुक्ला , सुश्री मानसी गौतम, श्रीमती राखी वाजपेई, सुश्री वंदना सिद्धेला, सुश्री शिवानी रैकवार, संजय पांडे,गोपाल रैकवार,भूपेंद्र सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्रों की उपस्थिति रही।

## राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय एवं पंचायत उपनिर्वाचन कार्यक्रम घोषित

भोपाल (आरएनएस)-राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन का कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। मतदान 29 दिसम्बर 2025 को होगा।

सचिव राज्य निर्वाचन आयोग श्री दीपक सिंह ने जानकारी दी है कि उप निर्वाचन के लिए निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन और नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने का कार्य 8 दिसम्बर 2025 से शुरू होगा। नाम निर्देशन पत्र 15 दिसम्बर तक लिये जायेंगे, नाम निर्देशन पत्रों की जांच 16 दिसम्बर को होगी। नाम वापस लेने की अंतिम तारीख 18 दिसम्बर है।

इसी दिन निर्वाचन प्रतीकों का आबंटन होगा। नगरीय निकायों में मतदान 29 दिसम्बर को सुबह 7.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक होगा। मतगणना और निर्वाचन परिणामों की घोषणा 31 दिसम्बर को सुबह 9.00 बजे से होगी।

पंचायतों में मतदान 29 दिसम्बर को सुबह 7.00 बजे से अपरान्ह 3.00 बजे तक होगा। पंच पद के लिये मतगणना मतदान के तुरंत बाद मतदान केन्द्र पर ही होगी। सरपंच, जनपद पंचायत सदस्य एवं जिला पंचायत सदस्य की विकास खण्ड मुख्यालय पर ई.व्ही.एम. से की जाने वाली मतगणना 2 जनवरी को सुबह 8.00 बजे से होगी। इसी दिन सरपंच एवं जनपद पंचायत सदस्य के निर्वाचन परिणामों की घोषणा की जायेगी।

**हब चयन में सभी संभागीय मुख्यालयों को शामिल करने के निर्देश**

# मुख्य सचिव जैन की अध्यक्षता में हुई पी.एम सेतु संचालन समिति की बैठक



भोपाल-(आरएनएस) सभी संभागीय मुख्यालयों को शामिल करते हुए प्रदेश की औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं को आधुनिक, उद्योग उन्मुख और परिणाम आधारित संस्थानों के रूप में परिवर्तित करने के लिए 10 हब चिंहित कर प्रस्ताव तैयार किया जाए। मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन ने शुक्रवार को मंत्रालय में पी.एम सेतु के तहत गठित राज्य स्तरीय संचालन समिति की बैठक में यह निर्देश दिए हैं। तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग द्वारा औद्योगिक नीति एवं निवेश और वित्त विभाग से समन्वय कर हब चिंहित किए जाएंगे।

प्रधानमंत्री स्किलिंग एंड एम्प्लॉयबिलिटी ट्रांसफॉर्मेशन थ्रू अपग्रेडेड आई.टी.आई (पी.एम सेतु) के तहत बैठक में प्रदेश की समस्त औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं के आधुनिकीकरण प्रस्ताव पर चर्चा हुई। तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के प्रमुख सचिव श्री मनीष सिंह द्वारा केंद्र सरकार के मापदंड अनुसार प्रदेश के लिए हब क्लस्टर और आई.टी.आई स्पोक मार्डल पर प्रस्तुत किए गए प्रस्ताव पर समिति के सदस्यों के बीच विचार-विमर्श हुआ। मुख्य सचिव श्री जैन ने प्रदेश के आई.टी.आई संस्थानों के विशेषज्ञों को भी समिति में शामिल करने के लिए कहा है। मुख्य सचिव श्री जैन ने कहा कि हब का प्रस्ताव तैयार करते समय इस बात का ध्यान रखा जाए कि कोई भी आकांक्षी क्षेत्र नहीं छूटे।

## मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने मध्यप्रदेश को दी बधाई, मतदाता सूची पुनरीक्षण में हासिल की बड़ी उपलब्धि

भोपाल-(आरएनएस)भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार ने शुक्रवार को वर्चुअल बैठक के माध्यम से देश के 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में चल रहे मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (स्क्क्र) कार्य की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होंने मध्यप्रदेश में हो रही उत्कृष्ट प्रगति की सराहना करते हुए प्रदेश को बधाई दी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश, श्री संजीव कुमार झा ने बताया कि यह उपलब्धि प्रदेश के सभी नागरिकों , शासकीय कर्मचारियों और राजनीतिक दलों के संयुक्त प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने आश्वस्त किया कि पूरे प्रदेश में कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया गया है और निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित सभी मानकों व निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जा रहा है। श्री झा ने बताया कि मध्यप्रदेश के 28 जिलों में 100 प्रतिशत, 22 जिलों में 99 प्रतिशत से अधिक तथा शेष 5 जिलों में 90 प्रतिशत से अधिक कार्य पूरा कर लिया गया है। प्रदेश में अब तक 5 करोड़ 26 लाख से अधिक गणना पत्रकों का डिजिटाइजेशन किया जा चुका है, जो कुल कार्य का 99 प्रतिशत से अधिक है।

यह उपलब्धि मतदाता सूची को पारदर्शी, सटीक और अद्यतन बनाने की दिशा में मध्यप्रदेश के महत्वपूर्ण कदम को दर्शाती है।

# विद्यालयों में प्रवेश लेने के लिए विद्यार्थियों को किया जाएगा जागरुक

भोपाल (आरएनएस)।प्रदेश के शासकीय महाविद्यालयों में शिक्षण सत्र 2026-27 में विद्यार्थी अधिक से अधिक प्रवेश लें, इसके लिए उच्च शिक्षा विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है। विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिए विभाग द्वारा प्रदेश में एक माह तक 'कॉलेज चलो अभियान' चलाया जाएगा। इस दौरान स्कूलों में पढ़ाई कर रहे कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को महाविद्यालयों में चलाए जा रहे पाठ्यक्रम, संसाधन, इंफ्रास्ट्रक्चर सहित अन्य सुविधाओं और केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के लिए जागरूक किया जाएगा। अभियान का पहला चरण 5 दिसंबर 2025 से शुरू होगा और 5 जनवरी 2026 तक चलेगा। अभियान के दौरान विभिन्न प्रकार की जागरूकता संबंधी गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में उच्च शिक्षा विभाग ने समस्त विश्वविद्यालय के कुलसचिव और महाविद्यालययों के प्राचार्य को निर्देश भी जारी कर दिए हैं। कॉलेज चलो अभियान में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों सहित पूर्व छात्रों की सक्रिय भागीदारी भी सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही पंचायत सचिव, ग्राम सभा, स्व-सहायता समूह एवं युवा संगठनों के साथ बैठक कर विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित किया जाएगा। साथ ही विद्यार्थियों एवं अभिभावकों से सुझाव भी लिए जाएंगे। महाविद्यालय की टीम द्वारा विद्यालयों का एवं उनके अभिभावकों भ्रमण किया जाएगा। कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा, उपलब्ध पाठ्यक्रम, कैरियर अवसरों एवं प्रवेश प्रक्रिया के बारे में जागरूक किया जाएगा। इस दौरान महाविद्यालय की शैक्षणिक, प्रयोगशाला, खेल एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं के बारे में जानकारी दी जाएगी। करियर कॉउंसलिंग के माध्यम से विद्यार्थियों को विषय चयन, उच्च अध्ययन, रोजगार एवं कौशल आधारित शिक्षा के बारे में मार्गदर्शन दिया जाएगा। नई शिक्षा, नई दिशा के अंतर्गत राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रमुख प्रावधान बहुविषयक शिक्षा, क्रेडिट बैंक, कौशल आधारित पाठ्यक्रम, पाठ्यक्रम चयन, विषय चयन के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी जाएगी।




# पर्यावरण मंत्रालय की गाइडलाइन के अनुरूप फ्लाई एश का शत-प्रतिशत उपयोग करने में मिली मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी को बड़ी सफलता

भोपाल -(आरएनएस) मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड ने पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की गाइडलाइन के अनुरूप उत्सर्जित फ्लाई एश (पावर हाउस से निकलने वाली राख) के 100 प्रतिशत उपयोग सुनिश्चित की दिशा में एक बड़ी सफलता हासिल की है। मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह खंडवा में विश्व की अग्रणी सीमेंट कंपनी हाइडेलबर्ग के साथ गत दिवस भूमि उपयोग अनुमति अनुबंध (स्क्क) हस्ताक्षरित किया। अनुबंध 25 वर्ष की अवधि के लिए भूमि उपयोग अनुमति के लिए किया गया है। अनुबंध के अंतर्गत हाइडेलबर्ग सीमेंट इंडिया लिमिटेड श्री सिंगाजी ताप विद्युत परियोजना परिसर में एक सीमेंट क्लिंकर ग्राइडिंग यूनिट की स्थापना करेगी। इस यूनिट की लागत 325 करोड़ रूपए है। यह यूनिट श्री सिंगाजी ताप विद्युत परियोजना से निकलने वाली फ्लाई एश का उपयोग करके सीमेंट बनाने का काम करेगी। इस यूनिट के स्थापित होने पर क्षेत्रीय विकास को गति मिलेगी और मध्यप्रदेश के अधोसंरचना क्षेत्र के समग्र विकास में महत्वपूर्ण योगदान होगा।

मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक श्री मनजीत सिंह, डायरेक्टरद्वय श्री सुबोध निगम व श्री मिलिन्द भान्दक्कर, मुख्य अभियंता संचारण-संधारण-उत्पादन श्री अभिषेक जैन के मागदर्शन में यह अनुबंध श्री सिंगाजी ताप विद्युत परियोजना के मुख्य अभियंता जेसी जुनवाल की उपस्थिति में हस्ताक्षरित हुआ। अनुबंध पर पावर जनरेटिंग कंपनी की ओर से अतिरिक्त मुख्य अभियंता एमके कोरी और हीडलबर्ग सीमेंट इंडिया लिमिटेड की ओर से सुमित बिसारिया ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर मध्य्रपदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री एससी गुप्ता श्री अनुराग जडिया, श्री विशाल कुमार दहाटे, श्री यूएस तमोली, श्री मोहित शर्मा एवं हाइडेलबर्ग सीमेंट इंडिया लिमिटेड के श्री सुनील कुमार, श्री बलबीर सिंह रावत व श्री पंकज उपरेती उपस्थित रहे।

# सम्पादकीय

अभिव्यक्ति हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है।

हिंदू धर्म में मां गायत्री को वेदों की जननी, ज्ञान और पवित्रता की देवी माना जाता है। मां गायत्री को वेदों की माता, देवमाता और विश्वमाता के रूप में भी जाना जाता है। मां गायत्री को पांच मुख वाली देवी के रूप में दर्शाया गया है। उनके यह पांच मुख पंचतत्वों का प्रतीक है। मां गायत्री की पूजा करने से व्यक्ति को समृद्धि, ज्ञान और मोक्ष की प्राप्ति होती है। बता दें कि यदि कोई जातक की कोई मनोकामना है, तो उसको पूरा करने के लिए रोजाना गायत्री चालीसा का पाठ करना चाहिए।



## जी-20 की प्रासंगिकता काफी घट चुकी

जी-20 की सार्थकता पर प्रश्नचिह्न लगातार गहरा रहे हैँ। इस मंच के साझा वक्तव्य हर गुजरते वर्ष के साथ अपना वजन गंवाते चले गए हैं। ट्रंप काल में अमेरिका के बदले नजरिए ने इस प्रक्रिया को और तेजी दे दी है। दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में हुए जी-20 शिखर सम्मेलन से संकेत देने की कोशिश हुई कि अमेरिका के बिना भी दुनिया चल सकती है। दक्षिण अफ्रीका में श्वेत समुदाय पर अत्याचार का आरोप लगाते हुए डॉनल्ड ट्रंप प्रशासन ने इस समिट का बहिष्कार किया। उसी क्रम में उसने दो टूक कहा कि इस सम्मेलन में कोई साझा वक्तव्य जारी नहीं होना चाहिए। फिर भी बाकी सदस्य देशों के प्रतिनिधि ना सिर्फ जोहान्सबर्ग गए, बल्कि उन्होंने साझा वक्तव्य भी जारी किया। उधर दक्षिण अफ्रीका ने अमेरिका के जूनियर प्रतिनिधि को अगले वर्ष की मेजबानी सौंपने से इनकार कर दिया। कहा कि यह औपचारिकता कम-से-कम विदेश मंत्री स्तर पर निभाई जाएगी। बहरहाल, जोहान्सबर्ग में जो हुआ, उसका प्रतीकात्मक महत्त्व ही है। वरना, एक तो जी-20 की प्रासंगिकता काफी घट चुकी है, दूसरे अमेरिकी उपस्थिति के बिना इसका रहा-सहा महत्त्व भी संदिग्ध हो जाता है। शिखर सम्मेलन स्तर पर जी-20 का आयोजन 2008 की महामंदी के बाद शुरू हुआ था। तब मकसद साझा प्रयास से विश्व अर्थव्यवस्था को संभालना था। तब दुनिया एक ध्रुवीय थी, जिसके तहत लागू श्रम विभाजन में अमेरिका स्थित संस्थाओं ने विभिन्न देशों की भूमिका तय कर रखी थी। मगर उस मंदी ने तत्कालीन समीकरणों को स्थायी रूप से बदल दिया। धीरे-धीरे बनती गई बहु-ध्रुवीय दुनिया में जी-20 के मंच पर आम सहमति बनाना कठिन होता गया है।

# रक्षा खरीददार से रक्षा साझेदार बन गया भारत, इंड़िया--रूस के नये समझौतों को लेकर दुनियाभर में बेचैनी

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की भारत यात्रा ने ऊर्जा, रक्षा, परमाणु सहयोग, आतंकवाद-रोधी रणनीति और आर्थिक साझेदारी जैसे अनेक क्षेत्रों में नई दिशा दी है। यह यात्रा उस समय हुई जब अमेरिका ने रूस की तेल कंपनियों रोसनेफ्ट और लुकऑइल पर कड़े प्रतिबंध लगाए थे और भारत पर रूसी तेल आयात कम करने का दबाव बढ़ा रहा था। इस पृष्ठभूमि में पुतिन का संदेश स्पष्ट था कि रूस भारत के लिए ऊर्जा का विश्वसनीय स्रोत बना हुआ है और बना रहेगा।

हम आपको बता दें कि क्करूमोदी और पुतिन की संयुक्त प्रेस वार्ता में रूसी राष्ट्रपति ने कहा कि रूस भारत की तीव्र गति से बढ़ती अर्थव्यवस्था को आवश्यक तेल, गैस और कोयले की निरंतर आपूर्ति के लिए प्रतिबद्ध है। उल्लेखनीय है कि रूस दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल उत्पादक और गैस भंडार वाला देश है और पुतिन ने यह भी संकेत दिया कि पारंपरिक ऊर्जा से आगे बढ़कर दोनों देश परमाणु ऊर्जा में भी सहयोग बढ़ाएँगे जिसमें छोटे मॉड्यूलर रिएक्टर, फ्लोटिंग न्यूक्लियर प्लांट तथा चिकित्सा एवं कृषि क्षेत्र में परमाणु तकनीकों का उपयोग शामिल है। इसके अलावा, भारत और रूस ने कुडनकुलम परमाणु परियोजना की प्रगति की समीक्षा की और भारत में एक दूसरे परमाणु संयंत्र स्थल पर चर्चा आगे बढ़ाई। यह भारत की दीर्घकालिक ऊर्जा सुरक्षा में निर्णायक योगदान देगा।

इसके अलावा, इस यात्रा की सबसे रणनीतिक उपलब्धि रक्षा क्षेत्र में संयुक्त निर्माण को बढ़ावा देना रही। रूस ने भारत में ही अपने हथियारों और सैन्य प्लेटफॉर्म्स के स्पेयर पार्ट्स और उपकरणों का उत्पादन करने पर सहमति दी। दोनों पक्षों ने उन्नत रक्षा प्रणाली के संयुक्त सह-विकास और सह-उत्पादन को पुनर्जीवित करने का निर्णय भी लिया। भारतीय सेनाओं की जरूरतों को देखते हुए संयुक्त उद्यमों से तीसरे देशों को निर्यात की संभावना भी टटोली गई। हम आपको बता दें कि यह पहली बार है जब रूस ने स्पष्ट रूप से स्न्नुद्धद्द द्वठ्ठ ढ्ढठ्ठस्त्रद्बड्ड के तहत अपने रक्षा परिवेश को भारत में शिफ्ट करने की दिशा में ठोस प्रतिबद्धता जताई है। उल्लेखनीय है कि सशस्त्र बलों की यह लंबे समय से शिकायत रही है कि रूस से महत्वपूर्ण पुर्जों और उपकरणों की आपूर्ति में काफी समय लगता है, जिससे देश से खरीदी गई सैन्य प्रणालियों का रखरखाव प्रभावित होता है। इस संबंध में भारत और रूस द्वारा जारी संयुक्त वक्तव्य में कहा गया, ''दोनों पक्ष प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के माध्यम से 'मेक-इन-इंडिया' कार्यक्रम के तहत रूसी हथियारों और रक्षा उपकरणों के रखरखाव के लिए पुर्जों, घटकों और अन्य उत्पादों के भारत में संयुक्त विनिर्माण को प्रोत्साहित करने पर सहमत हुए।'' संयुक्त वक्तव्य के अनुसार, दोनों पक्ष भारतीय सशस्त्र बलों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए संयुक्त उद्यम स्थापित करने तथा पारस्परिक रूप से मित्रवत तीसरे देशों को निर्यात करने पर भी सहमत हुए। संयुक्त वक्तव्य में कहा गया है कि भारत-रूस रक्षा साझेदारी को उन्नत रक्षा प्रौद्योगिकी और प्रणालियों के संयुक्त सह-विकास और सह-उत्पादन के लिए पुन: शुरू किया जा रहा है। हम आपको यह भी बता दें कि दोनों देशों के रक्षा मंत्रियों की बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और उनके रूसी समकक्ष आंद्रे बेलौसोव ने द्विपक्षीय रक्षा सहयोग बढ़ाने का संकल्प लिया। बैठक में भारतीय पक्ष ने अपनी युद्धक क्षमता को बढ़ाने के लिए रूस से एस-400 मिसाइल प्रणालियों की अतिरिक्त खेपों की खरीद में गहरी रुचि दिखाई।

इसके अलावा, भारत-रूस व्यापार में भारी असंतुलन (रूस से ऊर्जा आयात अधिक) को देखते हुए रूस ने भारतीय वस्तुओं को अधिक बाज़ार पहुँच देने पर सहमति जताई है। दोनों देशों का लक्ष्य है कि 2030 तक व्यापार 100 अरब डॉलर तक पहुँचाया जाए। साथ ही ढ्ढहस्ञ्जष्ट कॉरिडोर जैसे वैकल्पिक व्यापार मार्गों पर भी प्रगति का संकेत मिला। साथ ही दोनों देशों ने पहलगाम और मॉस्को के क्रोकस सिटी हॉल में हुए हमलों का संदर्भ लेते हुए आईएसआईएस, आईएसकेपी और अन्य वैश्विक आतंकी नेटवर्क पर सख्त कार्रवाई की मांग की। ''ज़ीरो टॉलरेंस'' नीति और ''दोहरे मानदंडों को अस्वीकार'' करने पर जोर दिया गया। इसके अलावा, पुतिन ने भारत-रूस मैत्री को ''साथ चलेंगे, साथ बढ़ेंगे'' जैसे भारतीय कथन से अभिव्यक्ति दी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की ओर से दिये गये राजकीय भोज में भारतीय-रूसी संगीत और विविध व्यंजनों ने सांस्कृतिक जुड़ाव को भी प्रकट किया। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा दी गई कश्मीरी केसर, असम की चाय और गीता जैसी भेंटें इस साझेदारी की भावनात्मक गहराई को दर्शाती हैं। देखा जाये तो रूसी राष्ट्रपति की यह यात्रा दर्शाती है कि भारत अब केवल हथियार खरीदने वाला नहीं बल्कि सह-निर्माण और सह-विकास करने वाला रणनीतिक साझेदार बन चुका है। इसके तीन प्रमुख पहलू विशेष रूप से महत्त्वपूर्ण हैं। पहला है रक्षा सहयोग का बदलता स्वरूप। हम आपको याद दिला दें कि शीतयुद्ध से लेकर 2010 तक भारत-रूस रक्षा संबंध मुख्यत: उपकरण खरीद तक सीमित थे। इससे दो समस्याएँ जन्म लेती थीं। पहली थी स्पेयर पार्ट्स की देर से आपूर्ति और दूसरी थी तकनीकी निर्भरता। इस यात्रा के दौरान पुतिन का यह कहना कि रूस का यह मानना है कि महत्वपूर्ण पुर्जों का उत्पादन भारत में ही होना चाहिए,

## क्या भाजपा असम, और पश्चिमी बंगाल में जीत हासिल कर सकती है

अजय दीक्षित

असम और पश्चिमी बंगाल के विधानसभा चुनाव अप्रैल 2026 में होने हैं। 14 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एनडीए के बिहार विधानसभा चुनावों में जीत के बाद दिल्ली में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा है कि गंगा मैया बिहार से ही पश्चिमी बंगाल जाती है। प्रधानमंत्री का इशारा असम और पश्चिमी बंगाल विधानसभा चुनावों की ओर था । अभी दोनों राज्यों में से असम में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है। पश्चिमी बंगाल में ममता बनर्जी मुख्यमंत्री है ।

289 सदस्यीय पश्चिमी बंगाल विधानसभा में 289 सीट है। यहां पर 2021के विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी ने 77 सीट जीती थी। यहां पर मुख्य मुकाबला भारतीय जनता पार्टी और तृणमूल कांग्रेस के बीच होगा ।जबकि असम में 117 सदस्यीय विधानसभा में चुनावों में मुख्य मुकाबला भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के बीच होगा।

2021 असम विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी ने 61 सीट जीती थी। कांग्रेस के तरुण गोगई और उनके पुत्र गौरव गोगई मरो करो का प्रश्न है। क्योंकि 2016 से भारतीय जनता पार्टी की सरकार है और हेमंत विश्व शर्मा मुख्यमंत्री है। दूसरी ओर चुनाव आयोग दोनों राज्यों में चुनाव से पहले मतदाता सूचियों गहन परीक्षण एसआईआर करा रहा है जिसके लिए ममता बनर्जी ने आंदोलन चला रखा है।

बताया जाता है कि पश्चिमी बंगाल विधानसभा चुनावों में अब एक करोड़ बोटर कम हो जाएगा अभी 7.5 करोड़ लोग मतदाता सूचियों में दर्ज है।असम में भी 50 लाख लोग मतदाता सूचियों में से हटाए जाने है। दोनों राज्यों में भारी संख्या में बंगला देश की घुसपैठी है। दरअसल बिहार विधानसभा चुनावों में कांग्रेस और राजद की करारी हार से पूर्वोत्तर भारत असर हुआ है ।

## प्रत्येक महिला को सशक्त बनाना, प्रत्येक समुदाय का उत्थान करना-अमृत काल में नारी शक्ति का नया दौर

श्रीमती अन्नपूर्णा देवी

जब महिलाएं आगे बढ़ती हैं, तो राष्ट्र का उत्थान होता है समानता और न्याय के मूल्यों पर आधारित समाज में, महिला की गरिमा से कतई समझौता नहीं होना चाहिए। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत सरकार ने महिलाओं की सुरक्षा, संरक्षा और सशक्तिकरण के लिए हमारे समग्र कार्यक्रम- मिशन शक्ति- के ज़रिए इसे संस्थागत ढांचे में बदलकर इस विश्वास को फिर से मजबूत किया है। जैसा कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने उचित ही कहा है, हमारी सरकार महिलाओं के लिए 'सम्मान' और 'सुविधा' को सबसे ज़्यादा महत्व देती है।'' ये मार्गदर्शक शब्द केवल भावनाएँ मात्र नहीं, अपितु वह नींव हैं, जिस पर मोदी सरकार ने महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए मिशन शक्ति के तहत भारत के कोने-कोने में मज़बूत संस्थागत तंत्र स्थापित किए हैं।

इस प्रयास के केंद्र में मिशन शक्ति की संबल'' उप-योजना के तहत चलने वाले वन स्टॉप सेंटर (ओएससी) हैं। 2015 में शुरू हुए ये केंद्र हिंसा की शिकार महिलाओं को एकीकृत सहायता तंत्र प्रदान करते हैं, ताकि उन्हें खामोश रहकर पीड़ा न सहनी पड़े और न ही बिखरी हुई सहायता प्रणालियों के बीच भटकना पड़े। आज तक, पूरे भारत में 862 ओएससी चल रहे हैं, जिनसे 12.20 लाख से ज़्यादा महिलाओं को एक ही छत के नीचे कानूनी मदद, चिकित्सा सहायता, पुलिस की मदद, आश्रय और मनोवैज्ञानिक परामर्श जैसी एकीकृत मदद मिली है।

डर से आज़ादी तक, खामोशी से सहायता तक - ओएससी ऐसे स्थान हैं जहाँ से घाव भरने की शुरूआत होती है। ये केंद्र प्रतिक्रियात्मक शासन से आगे बढ़कर सक्रिय शासन का रुख करते हैं। चाहे किसी महिला को अपने घर, कार्यस्थल या सार्वजनिक स्थान पर हिंसा का सामना करना पड़े, ओएससी उसके पुनर्वास, गरिमा और न्याय दिलाने में मदद करने के मोदी सरकार के संकल्प का प्रमाण हैं। महत्वपूर्ण बात यह है कि ये केंद्र अस्पतालों के भीतर या उनके पास स्थापित किए गए हैं, ताकि तुरंत चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई जा सके - जो मुश्किल समय में पहला ज़रूरी कदम है। महिला हेल्पलाइन (181) का सार्वभौमीकरण भी उतना ही महत्वपूर्ण है, जो संकट से घिरी महिलाओं के लिए 24×7 मदद सुनिश्चित करके ओएससी का पूरक बनता है। 35 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में संचालित यह हेल्पलाइन अब तक 2.56 करोड़ से अधिक कॉल संभाल चुकी है और 93.48 लाख से अधिक महिलाओं की मदद कर चुकी है (30 सितंबर तक)। आपातकालीन प्रतिक्रिया सहायता प्रणाली (ईआरएसएस-112) से एकीकृत यह हेल्पलाइन संकट और राहत के बीच की दूरी को पाटती है। व्यवस्थागत जवाबदेही को मजबूत करने और तेजी से न्याय पहुंचाने के लिए, हमने 745 फास्ट ट्रैक विशेष न्यायालय स्थापित किए हैं, जिनमें से 404 विशेष पॉक्सो न्यायालय हैं। इन न्यायालयों ने यह सुनिश्चित करते हुए कि न्याय में देरी का मतलब न्याय से इनकार नहीं है, अब तक 3.06 लाख से अधिक मामलों का निपटारा किया है।

## शिव पुराण में वर्णित ये खास विधि दिलाएगी शिव कृपा, हर इच्छा होगी पूरी

भगवान शिव की पूजा के बारे में जब ऋषियों ने सूतजी से पूछा कि महादेव की पूजा के क्या नियम और विधान हैं। तब सूतजी ने ऋषियों से कहा कि शिव पुराण में वर्णित शिव पूजा का विधान हर शिव भक्त को जानना चाहिए। इस विधि से महादेव को कौन से फूल, पूजन सामग्री आदि अर्पित करना चाहिए। इस विधि को जानकर शिवलिंग की पूजा करता है, उसके मनोरथ भोलेनाथ जरूर पूरे करते हैं, ऐसा शिवपुराण में बताया गया है।

ऋषियों ने पूछा हे सूतजी आप बताएं कि भगवान शिव की किन फूलों से पूजा की जाए और इसके क्या फल हैं। तब सूतजी ने कहा कि हे ऋषियों यही प्रश्न ब्रह्माजी से नारद जी ने किया था। ब्रह्माजी ने बताया कि बेलपत्र, कमलपत्र, शतपत्र सा शंखपुष्प से देवता की पूजा करने से लक्ष्मी की प्राप्ति होती है। वहीं 20 कमल का एक प्रस्थ और सहस्त्र बेलपत्रों का आधा प्रस्थ होता है। सोलह पल का एक प्रस्थ और दस टंक का एक प्रस्थ होता है। इतने तौल के मुताबिक इतना सब तराजू पर चढ़ाकर सकाम पूजा करने से जातक की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। वहीं यदि निष्काम पूजा करे तो वह शिवस्वरूप हो जाता है।

## घुसपैठियों के मुद्दे पर भारत में सिर्फ बातें

हरिशंकर व्यास

दुनिया ने देखा, जब राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका से अवैध प्रवासियों को निकाला। किसी दुश्मन देश के प्रवासी को नहीं, भारत जैसे दोस्त देश के अवैध प्रवासियों को भी ट्रंप की सरकार ने हथकड़ी और बेड़ी पहना कर सेना के विमान में भर कर भेजा था। जंजीरों में बंधे भारतीयों को लेकर अमेरिकी विमान अहमदाबाद में उतरा तो अमृतसर में भी उतरा। जंजीरों में जकड़े भारतीयों की फोटो अमेरिका की सीमा की सुरक्षा करने के लिए जिम्मेदार सर्वोच्च अधिकारी ने खुद जारी की। भारत के अलावा कई और लैटिन अमेरिकी और अफ्रीकी देशों के अवैध प्रवासियों को देश से बाहर निकाला। इसका असर भी तुरंत दिखने लगा। अब अमेरिका में अवैध रूप से घुसने के प्रयास में बड़ी कमी देखी गई है। ट्रंप ने तस्वीरों और वीडियो से पूरी दुनिया के एक संदेश दिया और पूरी दुनिया ने इसे देखा, सुना और समझा।

क्या ऐसी कोई तस्वीर भारत की ओर से कभी जारी हुई है? क्या भारत ने दुनिया को कभी दिखाया है कि देखो, ये बांग्लादेशी घुसपैठिए हैं या ये म्यांमार से आए रोहिंग्या हैं, जिनको भारत बाहर निकाल रहा है? भारत में सिर्फ बातें होती हैं। घुसपैठियों के मुद्दे पर चुनाव लड़े जाते हैं। नरेंद्र मोदी ने इसी साल लाल किले से अपने भाषण में कहा कि एक डेमोग्राफिक मिशन बनाया जाएगा, जो घुसपैठ को रोकने और घुसपैठियों को निकालने के लिए काम करेगा और बताया गया कि ऐसा इसलिए जरूरी है क्योंकि घुसपैठियों को कारण भारत की डेमोग्राफी बदल रही है। भारत की जनसंख्या संरचना घुसपैठिए बदल रहे हैं। लेकिन तीन महीने बाद डेमोग्राफिक मिशन के गठन की तो घोषणा नहीं हुई है लेकिन उसके बाद पूरा बिहार चुनाव इसी मुद्दे पर लड़ा गया कि एक एक घुसपैठिए को चुन कर बाहर निकालेंगे। लेकिन क्या कोई निकाला? अब पश्चिम बंगाल का चुनाव इस मुद्दे पर लड़ा जाएगा कि एक एक घुसपैठिए को बाहर निकालेंगे। असम में तो खैर पिछले 10 साल से इसी मुद्दे पर भाजपा की सरकार चल रही है। लेकिन विडम्बना देखिए कि जिस राज्य में लाखों बांग्लादेशी घुसपैठियों के होने की बात भाजपा के नेता करते हैं वहां से कुछ हजार घुसपैठिए भी नहीं निकाले जा सके हैं। असम कांग्रेस के नेता और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष देबब्रत सैकिया ने सरकारी आंकड़ों के आधार पर कहा कि 2016 के बाद से अभी तक कानूनी रूप से सिर्फ 26 बांग्लादेशी घुसपैठियों को डिपोर्ट किया गया है। हालांकि उनको भी देश से निकालते हुए वैसी तस्वीर नहीं आई, जैसी अमेरिका से भारतीयों के निकाले जाने की थी।

जब कानूनी रूप से कथित घुसपैठियों को डिपोर्ट करने में सरकार नाकाम रही तो पुशबैक की पॉलिसी अपनाई गई, जिसके तहत कथित घुसपैठियों को ने मेंस लैंड में धकेल दिया जाता है

## उज्जैन में 51 शक्तिपीठों में से एक, जहां होती है मनोकामनाएं पूरी

भारत की धरती पर शक्ति की उपासना का अपना विशेष महत्व होता है। पौराणिक मान्यताओं के मुताबिक मां शक्ति के 51 शक्तिपीठ हैं। जिनमें से एक उज्जैन स्थित हरसिद्धि माता मंदिर है। यह मंदिर न सिर्फ अपनी धार्मिक मान्यता के लिए फेमस है। बल्कि यहां की आस्था और भक्ति से जुड़ी अनगिनत कहानियां भी इसको विशेष बनाती हैं। शिप्रा तट पर बसे इस मंदिर में हर समय भक्तों की भीड़ देखने को मिलती है। लेकिन नवरात्रि के मौके पर यहां का वातावरण अद्भुत और अलौकिक हो जाता है। तो आइए जानते हैं मां हरसिद्धि मंदिर से जुड़े कुछ रोचक तथ्यों के बारे में...

धार्मिक मान्यता है कि जब भगवान शिव अपनी पत्नी सती के शव को लेकर ब्रह्मांड में घूम रहे थे। तब श्रीहरि विष्णु ने अपने सुदर्शन चक्र से सती के अंगों को काट दिया था। जहां-जहां मां सती के अंग गिरे, वहां-वहां शक्तिपीठों की स्थापना हुई।

## फिर से एकता के प्रयास में ममता

अजीत द्विवेदी

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी एक बार फिर विपक्षी एकता बनवाने का प्रयास कर रही हैं। उन्होंने 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले भी इसके लिए प्रयास किया था लेकिन कामयाब नहीं हो पाई थीं। तब के चंद्रशेखर राव और अरविंद केजरीवाल ने भी प्रयास किया लेकिन उनको भी कामयाबी नहीं मिली। कामयाबी मिली थी नीतीश कुमार को, जो उस समय राजद और कांग्रेस के समर्थन से सरकार चला रहे थे। उनकी पहल पर विपक्षी पार्टियों की पहली बैठक पटना में उनके सरकारी आवास एक, अणे मार्ग में हुई थी और बाद में 'इंडिया' ब्लॉक का गठन हुआ।

लेकिन संयोग है कि नीतीश कुमार के 'इंडिया' ब्लॉक छोड़ने का तात्कालिक कारण भी ममता बनर्जी बनीं। असल में राहुल गांधी ने घटक दलों की वर्चुअल मीटिंग में कह दिया था कि नीतीश कुमार को 'इंडिया' ब्लॉक का संयोजक बनाने के लिए ममता बनर्जी से पूछना होगा। उस समय तक अलग होने का मन बना चुके नीतीश कुमार को इससे मौका मिल गया और वे वापस भाजपा के साथ लौट गए। अगर नीतीश जनवरी 2024 में भाजपा के साथ नहीं गए होते तो लोकसभा चुनाव की तस्वीर कुछ और होती।

बहरहाल, ममता बनर्जी फिर से प्रयास कर रही हैं। इस बार उन्होंने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर का मुद्दा बनाया है। वे चाहती हैं कि सभी पार्टियां मिल कर एसआईआर के खिलाफ साझा आंदोलन चलाएं। ममता बनर्जी पश्चिम बंगाल में एसआईआर के खिलाफ सड़क पर उतर कर लड़ रही हैं। लेकिन हैरानी की बात है कि लेफ्ट पार्टियां और कांग्रेस इस लड़ाई में उनका साथ नहीं दे रही हैं। सवाल है कि राहुल गांधी इस बार क्यों नहीं एसआईआर की लड़ाई लड़ रहे हैं? यह सही है कि अभी उनकी पार्टी बंगाल में ममता बनर्जी के साथ नहीं जा सकती है लेकिन कांग्रेस अकेले तो यह लड़ाई लड़ ही सकती है। लेकिन न अकेले लड़ रही है और न ममता के साथ जा रही है।

यही विपक्षी एकता के रास्ते में एक पेंच है। तृणमूल कांग्रेस और कांग्रेस पार्टी पश्चिम बंगाल में एक साथ मिल कर आंदोलन नहीं करेंगे क्योंकि दोनों को अलग अलग चुनाव लड़ना है। जब दोनों पार्टियां बंगाल में साथ नहीं आएंगी तो एकता कैसे बनेगी? ध्यान रहे यह लोकसभा का चुनाव नहीं है कि ममता बनर्जी राष्ट्रीय स्तर पर एकता बना लेंगी और बंगाल में सबको छोड़ कर अकेले लड़ेंगी। इस बार बंगाल में एकता बनानी और दिखानी होगी, जो कि वे नहीं चाहती हैं। वे सिद्धांत रूप से एसआईआर के खिलाफ विपक्ष के एक साथ आने की अपील कर रही हैं। यानी समूचा विपक्ष एक साथ होकर एसआईआर के खिलाफ राजनीतिक, कानूनी और संसदीय लड़ाई लड़े और उसके बाद चुनाव में सब अलग अलग लड़ें। इससे जाहिर है कि यह 'इंडिया' ब्लॉक को फिर से रिवाइव करने की योजना का हिस्सा नहीं है, बल्कि तात्कालिक और मुद्दा आधारित एकजुटता का प्रयास है। इस प्रयास में आंशिक कामयाबी ही हासिल होगी। अगले हफ्ते एक दिसंबर से संसद का शीतकालीन सत्र शुरू हो रहा है उसमें सभी पार्टियां एसआईआर का मुद्दा उठा देंगी। उसमें भी कानूनी से ज्यादा मानवीय मुद्दा हावी होगा और सबका जोर इस बात पर होगा कि समय कम होने की वजह से बूथ लेवल अधिकारियों यानी बीएलओ के ऊपर अत्यधिक दबाव है, जिससे उनकी मौत हो रही है या वे खुदकुशी कर रहे हैं। सो, यह तय मानें कि संसद का शीतकालीन सत्र एसआईआर पर हंगामे की भेंट चढ़ेगा। लेकिन वह विपक्षी एकता की गारंटी नहीं है। ध्यान रहे संसद सत्र में लगभग हर बार विपक्ष साथ मिल कर ही सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करता है।

ममता बनर्जी की अपील अपनी जगह है लेकिन बड़ा सवाल यह है कि राहुल गांधी क्यों इस बार एसआईआर के खिलाफ प्रदर्शन या आंदोलन से दूर हैं? बिहार में इस साल जून में जब प्रयोग के तौर पर एसआईआर की प्रक्रिया शुरू हुई तो सबसे ज्यादा विरोध राहुल गांधी ने किया। उन्होंने इसे वोट चोरी से जोड़ा और बिहार में यात्रा करने पहुंचे। उन्होंने दो हफ्ते तक 'वोटर अधिकार यात्रा' की, जिसमें बिहार की तमाम विपक्षी पार्टियों के नेता शामिल हुए। क्या बिहार के प्रयोग और अनुभव से राहुल गांधी ने समझ लिया है कि एसआईआर कोई चुनावी या बड़ा राजनीतिक मुद्दा नहीं है और इसलिए वे दूर हो गए हैं या कोई और कारण है?

ध्यान रहे बिहार में 'वोटर अधिकार यात्रा' के दौरान भी सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी राजद के नेता तेजस्वी यादव ने राहुल को समझाया था कि एसआईआर तो ठीक है लेकिन बिहार के स्थानीय मुद्दे गरीबी, बेरोजगारी, पलायन आदि पर बात होनी चाहिए। परंतु राहुल एसआईआर पर अड़े रहे। उस यात्रा के बाद 57 दिन तक राहुल ने बिहार का रुख नहीं किया और जब चुनाव प्रचार के लिए पहुंचे तो कहीं भी एसआईआर के बारे में कुछ नहीं कहा। इसका मतलब साफ है कि एसआईआर राजनीतिक या चुनावी मुद्दा नहीं बन सका। संभवत: इसी वजह से कांग्रेस पार्टी इस बार पल्ला झाड़ कर अलग है। सिर्फ चुनावी राज्यों जैसे पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु या केरल में ही नहीं, बल्कि मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात जैसे राज्यों में भी कांग्रेस के नेता एसआईआर के खिलाफ बहुत मजबूती से नहीं लड़ रहे हैं।

हालांकि बंगाल का मामला थोडा अलग है। वहां यह भावनात्मक मुद्दा बन रहा है क्योंकि वहां बड़ी आबादी बांग्लादेश से आए लोगों की है। इनमें मुस्लिम भी हैं और दलित भी हैं, खास कर नामशूद्र। उनके लिए एसआईआर बड़ा मुद्दा हो गया है। तभी एक तरफ ममता बनर्जी की सरकार उनके लिए डोमिसाइल सर्टिफिकेट या जन्म प्रमाणपत्र बनवाने में लगी है तो दूसरी ओर भाजपा कैम्प लगा कर नागरिकता संशोधन कानून यानी सीएए के तहत उनके फॉर्म भरवा रही है। तभी संभव है कि पश्चिम बंगाल में एसआईआर एक चुनावी मुद्दा रहे। लेकिन तमिलनाडु और केरल में तमाम विरोध के बावजूद यह बड़ा राजनीतिक मुद्दा नहीं बन पा रहा है।

तभी सवाल है कि चुनावी साल में जब एसआईआर का मुद्दा एक साझा लड़ाई का मुद्दा नहीं बन पा रहा है तो विपक्ष की एकता कैसे बनेगी? संसद की कार्यवाही के दौरान बनी एकता तो संसद के बाहर राजनीतिक एकता में नहीं बदलती है। एकता नहीं बनने का एक बड़ा कारण यह भी है कि कांग्रेस पार्टी अभी तृणमूल कांग्रेस या लेफ्ट के साथ अपने को दिखाने को बच रही है।

## -:: आज का राशिफल ::-



मेष राशि: मेष राशि वालों आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आपका आपके जीवन साथी के साथ किसी बात को लेकर चल रहा वाद विवाद आज समाप्त हो सकता है।

वृष राशि: आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आपकी पहले से चली आ रही समस्याओं का समाधान मिलेगा, जिससे आपके मन में खुशी रहेगी। घर में धार्मिक अनुष्ठान कराने की योजना बन सकती है।

मिथुन राशि: आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज अपना कामकाज को आप अपने समय से पूरा कर लेंगे, जिससे आपका मन संतोष रहेगा। बड़े निर्णय लेने के लिए दिन अच्छा है। किसी नई बिजनेस डील के लिए ऑफर मिलेगा।

कर्क राशि: आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज आपके ऊपर भगवान की कृपा बनी रहेगी और आप अच्छे काम करेंगे। आज आपका मन भावनात्मक तौर पर अधिक मजबूत रहेगा।

सिंह राशि: सिंह राशि के लिए आज का दिन नई उमंग से भरा रहेगा। अगर आपका किसी कारण से मन परेशान है, तो उसे शांत रखने के लिए आप अपने बच्चों के साथ थोड़ा सा समय बिताये, तो आपका मन अच्छा हो जाएगा।

कन्या राशि: आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आपका धन आज किसी शुभ काम में अधिक खर्च होगा, जिससे आपका मन भी प्रसन्न होगा, जिससे उनको शांति भी मिलेगी।

तुला राशि: आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आप का मन आज किसी बात को लेकर बहुत अधिक प्रसन्न रहेगा। आप मन ही मन फूले नहीं समाएंगे। आध्यात्मिकता से अपने मन को बहुत अधिक शांत रखने की कोशिश करेंगे। आज अपनी वाणी पर नियंत्रण रखें।

वृश्चिक राशि: आज का दिन आपके लिए खास होने वाला है। आज आप किसी प्रकार की किसी लंबी यात्रा पर जा सकते हैं, जहां आपको व्यापार को आगे बढ़ाने के लिए नए अवसर प्राप्त होंगे और बड़ी डील भी प्राप्त हो सकती है,

धनु राशि: आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। कार्य क्षेत्र में आपके कामों की वाहवाही होगी। आपको आपकी मेहनत का पूरा फल मिलेगा, लेकिन आपका धन संबंधित मामला आपके लिए समस्या लेकर आ सकता है।

मकर राशि: मकर राशि वालों आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज ऑफिस में वर्कलोड बढ़ सकता है। जिसके लिए आपको ओवर टाईम करना पड़ेगा।

कुम्भ राशि: कुम्भ राशि वालों आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज आपको समाज में मान सम्मान मिलेगा, जिससे आपका मन बहुत ही संतुष्ट रहेगा।

मीन राशि: आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आपको अपने खर्चों के प्रति सावधान रहना होगा।



सस्पेंड किए गए तृणमूल कांग्रेस के विधायक हुमायूं कबीर ने शनिवार को मुर्शिदाबाद जिले के रेजीनगर में एक नई मस्जिद की नींव रखी। बताया गया है कि इस मस्जिद का डिजाइन अयोध्या की बाबरी मस्जिद जैसा होगा। इस पूरे कार्यक्रम के दौरान बहुत कड़ी सुरक्षा व्यवस्था थी। यह घटना अगले साल होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले पश्चिम बंगाल के राजनीतिक माहौल को और भी ज्यादा गरमा रही है।



# मोदी-पुतिन के बीच हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय वार्ता, यूक्रेन युद्ध पर शांतिपूर्ण समाधान का आश्वासन

नईदिल्ली (आरएनएस)। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन राजघाट से सीधे हैदराबाद हाउस पहुंचे हैं। जहां उनका स्वागत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। यहां दोनों नेताओं के बीच द्विपक्षीय वार्ता जारी है। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति पुतिन से यूक्रेन युद्ध को लेकर बात की और दोहराया कि भारत न्यूट्रल नहीं है बल्कि शांति के पक्ष में है। इस दौरान पुतिन ने मोदी ने युद्ध के शांतिपूर्ण समाधान का आश्वासन दिया। दोनों नेताओं ने भारत-रूस संबंधों को बढ़ाने पर भी बात की।


मोदी ने कहा, मेरा मानना है कि 2001 में हमने जो भूमिका निभाई, वह इस बात का आदर्श उदाहरण है कि एक दूरदर्शी नेता कैसे सोचता है। वे कहां से शुरुआत करते हैं और रिश्तों को कितनी दूर तक ले जा सकते हैं। भारत-रूस संबंध इसका सबसे अच्छा उदाहरण हैं। मोदी ने कहा, भारत हमेशा शांति का समर्थन करता है और यूक्रेन मामले में शांति के पक्ष में दृढ़ता से खड़ा है। रूस-यूक्रेन जल्द शांति के मार्ग पर आगे बढ़ेंगे।

मोदी ने आगे कहा, यूक्रेन संकट शुरू होने के बाद से हमारी लगातार चर्चा होती रही हैं। आपने भी समय-समय पर एक सच्चे मित्र की तरह हमें हर बात से अवगत कराया है। मेरा मानना है कि विश्वास बहुत बड़ी ताकत होती है। मैंने इसे आपके और दुनिया के सामने भी रखा है। राष्ट्रों का कल्याण शांति के मार्ग में ही है। हमें मिलकर शांति के रास्ते तलाशने चाहिए। मुझे पूरा विश्वास है कि दुनिया फिर शांति की दिशा में लौटेगी।

पुतिन ने मोदी से कहा, मैंने युद्ध की जानकारी विस्तार से साझा की है। हम यूक्रेन झगड़े के शांतिपूर्ण हल पर काम कर रहे हैं। हम नियमित तौर पर यूक्रेन पर अपने विचार साझा करते हैं। आप, एक सच्चे दोस्त के तौर पर, मुझे इस विषय पर बता सकते हैं। यह हमारे देशों के बीच गहरे भरोसे को दिखाता है। यही हमारे रिश्ते की असली ताकत है। हमारे रिश्ते इतिहास से बहुत गहराई से जुड़े हैं। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय बैठक हुई। इसमें दोनों देशों के प्रतिनिधिमंडल ने हिस्सा लिया। इसके बाद दोनों देशों के बैठक के दौरान हुए समझौतों का आदान-प्रदान किया। इसके बाद प्रधानमंत्री ने कहा, भारत-रूस 23वें शिखर सम्मेलन में राष्ट्रपति का स्वागत करते हुए मुझे बेहद खुशी हो रही है। ये यात्रा ऐसे समय हुई है, जब हमारे संबंध ऐतिहासिक दौर से गुजर रहे हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 25 साल पहले पुतिन ने भारत के साथ रणनीतिक साझेदारी की नींव रखी थी। इस बीच मानवता को कई संकट देखने पड़े, लेकिन भारत-रूस दोस्ती ध्रुव तारे की तरह बनी रही। पिछले 25 साल में उन्होंने अपने नेतृत्व से हमारे संबंध मजबूत किए हैं। उनके राष्ट्रपति रहने के दौरान ही साल 2000 में दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी शुरू हुई थी। हमारे संबंध ऐतिहासिक दौर से गुजर रहे हैं।

दोनों देशों ने साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस में विजन 2030 भी जारी किया। इसमें द्विपक्षीय साझेदारी को 2030 तक बढ़ाने की रणनीति बनाई गई है। भारत-रूस के बीच सहयोग और प्रवासन, अस्थायी श्रमिक गतिविधियों, स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा, खाद्य सुरक्षा, शिप और मरीन सहयोग और खाद को लेकर समझौते हुए। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, मुझे पूरा विश्वास है कि ये मंच हमारे आर्थिक संबंधों को नई ताकत देगा। इससे निर्यात, उत्पादन और को-इनोवेशन के नए दरवाजे खुलेंगे। पुतिन ने कहा, मैं भारत की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हमारे सभी भारतीय साथियों को रूसी प्रतिनिधिमंडल के गर्मजोशी और मेहमाननवाजी भरे स्वागत के लिए धन्यवाद देता हूं। प्रधानमंत्री के साथ रात्रिभोज पर हमारी बातचीत विशेष रणनीतिक साझेदारी के लिए बहुत मददगार रही। हमने एक करीबी वर्किंग डायलॉग बनाया है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री के आधिकारिक निवास 7 एलकेएम पर पहुंचने पर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को 'भगवत गीता' की एक कॉपी भेंट की।




दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, नई दिल्ली में आज़ादपुर मार्केट से इंद्रलोक तक सड़क के सौंदर्यीकरण के लिए दिल्ली सरकार और जीएमआर ग्रुप के बीच एमओयू पर साइन होते हुए।

## संसद में उठा विमान कैंसिलेशन का मुद्दा, सरकार बोली- मामले की जांच जारी

नईदिल्ली (आरएनएस)। शीतकालीन सत्र 2025 का आज पांचवा दिन है। दोनों सदनों की कार्यवाही जारी है। इससे पहले बुधवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन को सुचारूरूप से चलाने के लिए सभी सांसदों की बैठक बुलाई थी। उसके बाद गुरुवार को दोनों सदनों की कार्यवाही सुचारूरूप से चली।

ऑर्डर देने के बाद दस मिनट के भीतर या यथाशीघ्र सेवाएं देने वाले 'डिलीवरी ब्वॉय (आपूर्ति करने वाली कंपनियों के प्रतिनिधि)' की समस्याएं उठाते हुए आम आदमी पार्टी के राघव चड्ढा ने शुक्रवार को राज्यसभा में कहा कि ''भारतीय अर्थव्यवस्था के इन अनदेखे पहियों'' की खामोशी के पीछे रोजगार की जरूरत और उसे लेकर व्याप्त असुरक्षा इन्हें अपनी जान जोखिम में डालने के लिए मजबूर करती है। शून्यकाल के दौरान यह मुद्दा उठाते हुए चड्ढा ने कहा ''जोमैटो, स्विगी के डिलीवरी ब्वॉय, ओला एवं उबर के ड्राइवर, ब्लिंकिट एवं जैप्टो के राइडर एवं अर्बन कंपनी के प्लंबर या ब्यूटीशियन वैसे तो गिग वर्कर हैं लेकिन वास्तव में ये लोग भारतीय अर्थव्यवस्था के अनदेखे पहिये हैं।''

उन्होंने कहा कि लोगों की जिंदगी में अहम बदलाव लाने वाली ई कॉमर्स और इन्स्टा डिलीवरी कंपनियां इन ''खामोश कार्यबल'' की बदौलत अरबों रुपये कमा चुकी हैं और कमा रही हैं लेकिन यह बदलाव लाने वाले और इन कंपनियों को अरबपति बनाने वाले कामगारों की हालत दिहाड़ी मजदूरों से भी बदतर है। चड्ढा ने कहा कि तेज गति और आपूर्ति समय के दबाव के चलते यह गिग वर्कर सोचता है कि अगर देर हुआ तो रेटिंग गिर जाएगी, प्रोत्साहन राशि कट जाएगा, ऐप लॉगआउट कर देगा या आईडी ब्लॉक कर देगा। उन्होंने कहा कि इसी डर से वह लाल बत्ती को नजरअंदाज कर अपनी जान जोखिम में डालते हुए शीघ्रता से सामान की आपूर्ति करने का प्रयास करता है।

उन्होंने कहा कि आपूर्ति में दस मिनट का विलंब होने पर ग्राहक की नाराजगी का डर मन में रहता है। उन्होंने कहा कि विलंब होने पर ग्राहक डिलीवरी ब्वॉय को पहले तो फोन कर डांटता है फिर उसे यह कह कर डराता है कि तुम्हारी शिकायत कर दूंगा और फिर उसे एक स्टार की रेटिंग दे कर उसकी महीने भर की मेहनत पर पानी फेर देता है। चड्ढा ने कहा कि इन लोगों का काम रोज 12 से 14 घंटे होता है, चाहे मौसम कोई भी हो। ''इनके पास सुरक्षा के उपकरण भी नहीं होते और इन्हें विशेष बोनस या अतिरिक्त भत्ता भी नहीं मिलता. इनके लिए ''कमाई कम, बीमारी ज्यादा'' वाली हालत है.'' उन्होंने कहा ''इसके बावजूद अपना दर्द छिपा कर, विषम परिस्थितियों में, ऑर्डर लाने के बाद ये लोग मुस्कुरा कर कहते हैं कि धन्यवाद महोदय, कृपया पांच स्टार की रेटिंग दे दीजिये.''

रूस के प्रेसिडेंट व्लादिमीर पुतिन के भारत दौरे पर कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा कि यह एक बहुत जरूरी इशारा है, और आपको यह समझना चाहिए कि डिप्लोमेसी सिंबल और असलियत दोनों है. सिंबल हमारी फॉरेन पॉलिसी आउटरीच का एक जरूरी हिस्सा है.

## राहुल गांधी ने इंडिगो समस्या को एकाधिकार का खेल बताया, कहा- आम भारतीय चुका रहा कीमत

नईदिल्ली (आरएनएस)। इंडिगो एयरलाइंस की समस्या ने पूरे देश में हाहाकार मचा दिया है। घरेलू बाजार में 60 प्रतिशत से अधिक की हिस्सेदारी वाली एयरलाइंस लगातार उड़ानें रद्द कर रहा है, जिससे लोग परेशान हैं। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने इसको लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है और इसे मोनोपॉली (एकाधिकार) का खेल बताया है। उन्होंने एक्स पर पिछले साल नवंबर में लिखे एक लेख को साझा किया है, जिसमें उन्होंने इस मुद्दे पर गहराई से बात की है। कांग्रेस सांसद राहुल ने एक्स पर लिखा, इंडिगो की नाकामी इस सरकार के मोनोपॉली मॉडल की कीमत है। एक बार फिर, आम भारतीय ही देरी, रद्दीकरण और लाचारी के रूप में इसकी कीमत चुका रहे हैं। भारत हर सेक्टर में सही प्रतियोगिता का हकदार है, मैच-फिक्सिंग मोनोपॉली का नहीं। राहुल ने पोस्ट के जरिए बताया कि एयरलाइंस सेक्टर में 60 प्रतिशत की हिस्सेदारी वाली कंपनी के पास सबसे अधिक यात्री हैं और अब यही मुसीबत बन गई है। इंडिगो की उड़ानें लगातार 3 दिन से रद्द हो रही हैं। गुरुवार को 550 से अधिक उड़ान रद्द हुई है और शुक्रवार को 400 उड़ानें अभी तक रद्द हो चुकी है। बेंगलुरु, दिल्ली, मुंबई, हैदराबाद और अहमदाबाद के हवाई अड्डों पर आने और जाने वाली करीब



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु शुक्रवार, 5 दिसंबर, 2025 को नई दिल्ली में अपने औपचारिक स्वागत के दौरान रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से हाथ मिलाती हुईं, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उन्हें देख रहे हैं।

## देश में इलेक्ट्रिक वाहनों का इस्तेमाल बढ़ाने की तैयारी, भारत और जर्मनी के बीच बैठक

नई दिल्ली (आरएनएस)। भारत में जर्मन दूतावास के एक बयान में कहा गया कि भारत के ई-मोबिलिटी संक्रमण के अगले चरण के तहत, दोनों देश पांच प्रमुख विषयों को प्राथमिकता दे रहे हैं। छोटे स्तर के परीक्षण से आगे बढ़कर एक एकीकृत, संपूर्ण पारिस्थितिकी तंत्र-व्यापी दृष्टिकोण की ओर बढ़ने के लिए समन्वित प्रयासों की आवश्यकता पर जोर दिया गया। भारत-जर्मन ग्रीन एंड सस्टेनेबल डेवलपमेंट पार्टनरशिप (जीएसडीपी) ने गुरुवार को महाराष्ट्र सदन में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी: सिस्टम इंटीग्रेशन से कौशल विकास तक विषय के तहत जीएसडीपी वार्ता श्रृंखला के नौवें संस्करण की मेजबानी की. बैठक में केंद्रीय मंत्रालयों, राज्य और शहर प्रशासनों, सार्वजनिक परिवहन उपक्रमों, वितरण कंपनियों (डिस्कॉम्स), कौशल विकास संस्थानों, उद्योग प्रतिनिधियों, फाइनेंसरों और अंतरराष्ट्रीय भागीदारों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया. चर्चा के दौरान, इस बात पर प्रकाश डाला गया कि भारत के महत्वाकांक्षी इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लक्ष्यों को केवल अक्षय ऊर्जा, परिवहन, विनिर्माण, वित्त और कौशल जैसे प्रमुख क्षेत्रों में एकीकृत योजना के माध्यम से ही प्राप्त किया जा सकता है. सुचारू कार्यान्वयन के लिए केंद्र सरकार, राज्यों और शहरों के बीच मजबूत समन्वय पर जोर दिया

## इंडिगो का संचालन 10 फरवरी तक सुधरेगा, उड़ानें होंगी कम

नईदिल्ली (आरएनएस)। पिछले कुछ दिनों से भारी दिक्कतों का सामना कर रही इंडिगो एयरलाइंस ने परिचालन सुधार के लिए बड़ा कदम उठाया है। उसने नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) को सूचित किया है कि वह सोमवार 8 दिसंबर से उड़ानों का संचालन कम करना शुरू कर देगी। उसने उम्मीद जताई है कि 10 फरवरी तक उड़ान का स्थिर संचालन सामान्य और पूरी तरह से बहाल हो जाएगा। हालांकि, अभी 8 दिसंबर तक कुछ उड़ानें रद्द हो सकती हैं।

इंडिगो ने डीजीसीए से पायलटों के लिए संशोधित फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिटेशन (एफडीटीएल) नियमों में रात्रिकालीन संचालन से जुड़े कुछ बदलावों को लेकर 10 फरवरी तक छूट मांगी है। हालांकि, अभी डीजीसीए ने इस पर सहमति नहीं जताई है। उसने एयरलाइन से मांगी गई विशिष्ट छूटों की समीक्षा के लिए प्रस्ताव मांगा है। बताया जा रहा है कि समस्या की गंभीरता को देखते हुए एयरलाइन को कुछ राहत मिल सकती है। इससे कुछ हद तक समस्या कम होगी।

घरेलू बाजार में 60 प्रतिशत से अधिक की हिस्सेदारी वाली इंडिगो ने स्वीकार किया कि उसने नए एफडीटीएल नियमों के तहत अपने चालक दल के सदस्यों की जरूरतों का गलत आकलन किया, जिससे समस्या पैदा हुई। दूसरी तरफ, नागरिक उड्डयन मंत्री के. राममोहन नायडू ने भी एक समीक्षा बैठक में एयरलाइन द्वारा स्थिति से निपटने के तरीके पर स्पष्ट नाराजगी व्यक्त की है। उन्होंने इंडिगो को तत्काल परिचालन सामान्य करने और हवाई किराए में वृद्धि न करने को कहा है। डीजीसीए ने यात्रियों की सुरक्षा के लिए एफडीटीएल के संशोधित नियम लागू किए हैं,

## प्रधानमंत्री मोदी ने पुतिन को रूसी भाषा में लिखी भगवद गीता भेंट की

नईदिल्ली(आरएनएस)। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन दिल्ली दौरे पर हैं। गुरुवार शाम 7 बजे हवाई अड्डे पर उतरने के बाद वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ एक कार में बैठकर सीधे 7 लोक कल्याण मार्ग स्थित प्रधानमंत्री आवास पहुंचे। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें रूसी भाषा में लिखी श्रीमद भागवत गीता भेंट की। इसकी तस्वीर एक्स पर साझा करते हुए मोदी ने अंग्रेजी और रूसी भाषा में लिखा, गीता की शिक्षाएं दुनिया भर में लाखों लोगों को प्रेरणा देती हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने पुतिन का लोक कल्याण मार्ग पर स्वागत करते हुए एक्स लिखा, अपने दोस्त, राष्ट्रपति पुतिन का भारत में स्वागत करते हुए बहुत खुशी हो रही है। आज शाम और कल हमारी बातचीत का इंतजार रहेगा। भारत-रूस की दोस्ती समय की कसौटी पर खरी उतरी है जिससे हमारे लोगों को बहुत फ़ायदा हुआ है। इस मौके पर प्रधानमंत्री आवास को भारतीय और रूसी झंडों और विशेष रोशनी से सजाया गया है।



)केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार, 5 दिसंबर, 2025 को गांधीनगर के महात्मा मंदिर में गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, विधानसभा अध्यक्ष शंकर चौधरी, मंत्री जीतू वघानी और अन्य गणमान्य लोगों की मौजूदगी में ईएआरटीएच (कृषि, ग्रामीण तकनीक और मानवता को सशक्त बनाना)



पटना में बिहार रा%य विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान निर्दलीय एमएलसी बंशीधर ब्रजवासी ने विरोध प्रदर्शन किया।

## महारैली की तैयारी में कांग्रेस, दिग्गज कांग्रेसी बताएंगे कि कैसे नुकसान पहुंचा रहा एसआईआर

नई दिल्ली (आरएनएस)। कांग्रेस की राज्य यूनिट्स 14 दिसंबर को दिल्ली में स्क्रक के खिलाफ होने वाली मेगा रैली में पार्टी वर्कर्स और सपोर्टर्स की बड़ी भीड़ लाने के लिए एक-दूसरे से मुकाबला कर रही हैं. ये रैली दिल्ली के रामलीला मैदान में होगी. चूंकि वोट चोरी, जिसका मतलब मोटे तौर पर वोटर लिस्ट में हेराफेरी के पीछे बीजेपी और ईसी के बीच कथित सांठगांठ है, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के लिए एक बड़ा मुद्दा बन गया है. इसलिए पार्टी के सबसे पुराने मैनेजर रैली की सफलता पक्का करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं, जो कांग्रेस की ताकत दिखाने का एक मौका होगा.

पार्टी के अंदर के लोगों ने आगे कहा कि राहुल और दूसरे बड़े नेता इस बात पर अपनी चिंता जाहिर करेंगे कि वोट चोरी देश की डेमोक्रेसी को नुकसान पहुंचा रही है. वहीं राज्य के नेताओं को वोटर लिस्ट में हेरफेर से भगवा पार्टी को कैसे फायदा हो रहा है. इस पर अपने इनपुट शेयर करने का मौका दिया जाएगा. इसके बाद रैली में राज्य यूनिट्स के लिए एक्शन प्लान भी अनाउंस किया जाएगा.


पार्टी के अंदर के लोगों के मुताबिक, राजस्थान, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक और दिल्ली में कांग्रेस यूनिट्स ने पिछले कुछ दिनों में लोकल नेताओं के साथ स्ट्रेटेजी सेशन किए हैं. साथ ही उन्हें 14 दिसंबर की रैली के लिए काफी वर्कर्स जुटाने का निर्देश दिया है.

शुरुआती अंदाज़ों के मुताबिक, राजस्थान यूनिट दिल्ली रैली के लिए लगभग 25,000 वर्कर्स लाने का प्लान बना रही है, जबकि कर्नाटक से लगभग 10,000 लोग आएंगे.

एआईसीसी के राजस्थान इंचार्ज एसएस रंधावा ने बताया, 14 दिसंबर को दिल्ली में वोट चोरी के ख़िलाफ़ होने वाली मेगा रैली के लिए राज्य के सभी ज़िला और ब्लॉक लेवल पर होने वाली मीटिंग्स और कोऑर्डिनेशन के लिए जिला इंचार्ज अपॉइंट कर दिए गए हैं.

एआईसीसी के पदाधिकारी ने 29 नवंबर को जयपुर में राज्य के नेताओं के साथ रैली की तैयारियों का रिव्यू किया था, जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और सीडब्ल्यूसी सदस्य सचिन पायलट भी मौजूद थे.

पार्टी के अंदरूनी सूत्रों ने बताया कि बिहार से भी बड़ी संख्या में लोगों के आने की उम्मीद है, जहां हाल के विधानसभा चुनावों में विपक्ष की हार के पीछे एसआईआर की कथित तौर पर भूमिका थी.



देवों के देव महादेव में पार्वती का किरदार निभाने वाली सोनारिका भदौरिया लंबे समय से अपनी प्रेग्नेंसी जर्नी को एन्जॉय करती नजर आ रही थी। लगातार एक्ट्रेस अपने बेबी बंप का फोटों इंस्टाग्राम पर शेयर करती दिख रही है। इस बीच एक्ट्रेस ने गुड न्यूज सोशल मीडिया पर शेयर की है। सोनारिका ने बेबी गर्ल को जन्म दिया है। इसकी खबर उन्होंने इंस्टाग्राम पर शेयर की है। एक्ट्रेस ने अनाउंस किया कि वह और विकास बेबी गर्ल के पैरेंट्स बन गए हैं।

# जॉर्जिया एंड्रियानी ने तोड़ी बोल्डनेस की सारी हदें, शिमरी साड़ी में फ्लॉन्ट किए ऐसे कर्व्स, फैंस की थम गई सांसें!



बॉलीवुड एक्टर अरबाज खान की एक्स गर्लफ्रेंड, फेमस मॉडल और एक्ट्रेस जॉर्जिया एंड्रियानी अपने शानदार फैशन सेंस और स्टाइल के लिए जानी जाती है. वह अक्सर अपनी ग्लैमरस तस्वीरों से फैंस की तारीफें बटोरती रहती हैं, लेकिन एक्ट्रेस ने अब अपनी कुछ ऐसी फोटोज शेयर की हैं, जिन्हें देखकर फैंस की सांसे ही थम रही है, वहीं पिक्चर्स में जॉर्जिया एंड्रियानी के कर्व्स धड़कने बढ़ाने का काम कर रहे हैं.

इटालियन मॉडल जॉर्जिया एंड्रियानी का हर लुक और ग्लैमरस अंदाज देखने लायक होता है. वेस्टर्न हो या इंडियन हर लुक में वह कहर ढाती है. वहीं इस बार जॉर्जिया ने शिमरी साड़ी में अपनी कुछ तस्वीरें शेयर कि है, जो सोशल मीडिया पर तहलका मचा रही हैं.

खूबसूरती के मामले में जॉर्जिया एंड्रियानी का कोई जवाब नहीं. वहीं फैशन और स्टाइलिंग में तो वो बॉलीवुड की बड़ी-बड़ी एक्ट्रेसेस क भी कड़ी टक्कर देती नजर आती है. उनका हर आउटफिट ट्रेंड सेट करने वाला होता है.

जॉर्जिया एंड्रियानी ने अपने इंस्टाग्राम पर एक लेटेस्ट पोस्ट शेयर किया है, जिसने सभी का ध्यान खींचा है. एक्ट्रेस इन फोटोज में पिंक कलर की शिमरी साड़ी पहने नजर आ रही हैं, जिसमें उनका कातिलाना अंदाज फैंस के दिलों पर राज कर रहा है.

इस पोस्ट में जॉर्जिया एंड्रियानी ने अलग-अलग पोज देते हुए अपने कर्वी फिगर को बेहद शानदार तरीके से फ्लॉन्ट किया है. उनकी इन अदाओं पर फैंस दिल खोलकर प्यार लुटा रहे हैं, जिससे ये तस्वीरें तेजी से वायरल हो रही हैं.

### तेरे इश्क में का दुनियाभर में डंका, 100 करोड़ के पार पहुंची धनुष-कृति सैनन की फिल्म

अभिनेत्री कृति सैनन की हिट फिल्मों की सूची में एक और नाम शामिल हो गया है। आनंद एल राय के निर्देशन में बनी रोमांटिक-एक्शन फिल्म तेरे इश्क में पूरी दुनिया में तहलका मचा रही है। फिल्म में कृति के साथ सुपरस्टार धनुष मुख्य किरदार में हैं और दोनों की जोड़ी ने दर्शकों का दिल जीता है। घरेलू बॉक्स ऑफिस पर छठे दिन इसकी कमाई में मंदी देखी गई, लेकिन दुनियाभर में कृति-धनुष की फिल्म अच्छा प्रदर्शन कर रही है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, इस रोमांटिक ड्रामा फिल्म ने रिलीज के छठे दिन 6.75 करोड़ रुपये कमाए हैं। इसमें हिंदी पट्टी से लगभग 6.4 करोड़ रुपये और तमिल से 35 लाख रुपये का कारोबार शामिल है।

# कल्याणी प्रियदर्शन ने शुरू की नई फिल्म की शूटिंग, फैंस किरदार के बारे में जानने के लिए बेताब

तमिल अभिनेत्री कल्याणी प्रियदर्शन लगातार चर्चाओं में बनी हुई हैं। हाल ही में रिलीज हुई उनकी फिल्म लोका ने बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त कमाई की और उन्हें पैन-इंडिया स्टार के रूप में मजबूती भी दी। इस सफलता के बाद दर्शक और फैंस अब उनके अगले प्रोजेक्ट के बारे में जानने के लिए उत्सुक हैं। इस कड़ी में उनकी नई फिल्म की आधिकारिक जानकारी सामने आई है, जो उनके करियर के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही है। कल्याणी प्रियदर्शन की अगली फिल्म की खास बात यह है कि यह महिला-प्रधान कहानी है। फिल्म की पूरी कहानी एक महिला पात्र के इर्द-गिर्द घूमेगी और उसकी भावनाओं, संघर्षों और सफर को मुख्य रूप से दिखाया जाएगा। अभिनेत्री ने फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है। फिल्म का निर्देशन थिरियम एस. एन. कर रहे हैं, जो इस फिल्म के जरिए निर्देशन की दुनिया में कदम रख रहे हैं। वहीं, फिल्म का निर्माण पोटेंशियल स्टूडियोज कर रहा है। यह फिल्म उनका सातवां प्रोजेक्ट है और इससे पहले वे माया, मानगरम, मॉन्स्टर, तानक्करन, इरुगापत्रु और ब्लैक जैसी फिल्मों का निर्माण कर चुके हैं। इन सफल फिल्मों के चलते दर्शकों का विश्वास इस बैनर पर पहले से ही बना हुआ है, और उम्मीद की जा रही है कि उनकी यह नई फिल्म भी उसी गुणवत्ता को आगे बढ़ाएगी।



कल्याणी प्रियदर्शन की कामयाबी और पोटेंशियल स्टूडियोज की लगातार सफल फिल्मों की सीरीज ने इस नए प्रोजेक्ट को पहले ही एक बड़े स्तर पर पहुंचा दिया है। दर्शक यह देखने के लिए उत्साहित हैं कि कल्याणी इस बार किस तरह का किरदार निभाएंगी। फिल्म में कल्याणी के साथ देवदर्शिनी और नान महान अल्ला फेम विनोद किशन भी मुख्य भूमिकाओं में दिखाई देंगे।

# हॉरर थ्रिलर ईशा का ट्रेलर आउट, 12 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज़ को तैयार है फिल्म

श्रीनिवास मन्ने की डायरेक्ट की हुई हॉरर थ्रिलर ईशा, 12 दिसंबर, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज़ होने वाली है। फिल्म में त्रिगुण, अखिल राज, हेबाह पटेल, सिरी हनमंत और बबलू पृथ्वीराज जैसे शानदार कलाकार हैं, जो अहम रोल में हैं। टीम ने हाल ही में एक ज़बरदस्त टीज़र रिलीज़ किया है, जो दर्शकों को ईशा की डरावनी दुनिया की पहली झलक दिखाता है। टीज़र की शुरुआत स्कूली बच्चों के एक ग्रुप से होती है जो भूतों की कहानियों पर बात कर रहे हैं, जिसके बाद परेशान करने वाले विज़ुअल्स और टेंशन भरा साउंडस्केप दिखाया जाता है। जैसे-जैसे कहानी में किरदारों की डरावनी मुलाकातों और एक खाली घर के आस-पास के डरावने रहस्यों का इशारा मिलता है, फिल्म एक ज़बरदस्त सिनेमैटिक एक्सपीरियंस का वादा करती है। म्यूज़िक आरआर ध्रुवन ने बनाया है, और विज़ुअल्स सिनेमैटोग्राफर संतोष सनमणि ने बनाए हैं।

एचवीआर प्रोडक्शंस के तहत पोथुला हेमा वेंकटेश्वर राव द्वारा प्रोड्यूस की गई, ईशा को केएल दामोदर प्रसाद प्रेज़ेंट कर रहे हैं। फिल्म को प्रोड्यूसर बनी वास और वामसी नंदीपति का सपोर्ट है, जो लिटिल हार्ट्स और राजू वेड्स रामबाई जैसी लगातार सफल फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। उनके शामिल होने से इंडस्ट्री सर्कल और दर्शकों के बीच फिल्म को लेकर उम्मीदें बढ़ गई हैं।

अपनी डरावनी कहानी, शानदार कास्ट और टैलेंटेड टेक्निकल क्रू के साथ, ईशा दर्शकों को एक डरावना अनुभव देने के लिए तैयार है। अपने कैलेंडर में 12 दिसंबर, 2025 मार्क कर लें और रोमांच के लिए तैयार हो जाएं।

# अल्लू अर्जुन की पुष्पा 2 फिर लगाने आ रही दहाड़, 16 जनवरी को जापान में हो रही रिलीज, पोस्टर विज़ुअल और ऑफिशियल ट्रेलर रिलीज़

सुपरस्टार अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना की ब्लॉकबस्टर फिल्म पुष्पा: द रूल फिर से लौटने को तैयार है। दिसंबर, 2024 में रिलीज इस फिल्म ने भारतीय सिनेमा में तहलका मचा दिया था। एक साल बाद भी इसका खुमार प्रशंसकों के दिलों में बरकरार है। अल्लू अभिनीत इस फिल्म को फिर बड़े पर्दे पर रिलीज किया जा रहा है। फर्क सिर्फ इतना है कि पुष्पा 2 इस बार भारत में नहीं, बल्कि दूसरे देश में रिलीज होने जा रही है।

पुष्पा 2 में अपने किरदार श्रीवल्ली से मशहूर हुई रश्मिका ने सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा किया है। इसमें उन्होंने बताया कि फिल्म अगले साल 16 जनवरी को जापान में रिलीज हो रही है। अभिनेत्री ने पोस्ट में मजेदार तरीके से लिखा, कोनिचिवा, जापान!! और जंगल की आग आधिकारिक तौर पर दुनियाभर में फैल रही है... पुष्पा 16 जनवरी, 2026 को जापान पहुंच रही है... क्या आप तैयार हैं?? साथ में पुष्पा 2 का जापानी भाषा में ट्रेलर साझा किया। पुष्पा: द रूल एक रिकॉर्ड तोड़ने वाली ब्लॉकबस्टर है जिसने बाहुबली और आरआरआर को पीछे छोड़ दिया, इंडिया में लगभग 1900 करोड़ कमाए और इंडियन सिनेमा हिस्ट्री में नंबर 1 ब्लॉकबस्टर बन गई। फिल्म में अल्लू अर्जुन पुष्पराज के रोल में, फहद फासिल पुलिस ऑफिसर शेखावत के रोल में, और रश्मिका मंदाना पुष्पा की पत्नी श्रीवल्ली के रोल में हैं। सुकुमार के डायरेक्शन में बनी यह मूवी एक ग्लोबल एक्शन एपिक है जो इंडिया से लेकर जापान तक फैली हुई है। ट्रेलर में पुष्पा के स्मगलिंग एम्पायर के टॉप पर पहुंचने को दिखाया गया है, जिसमें इंटेंस झगड़े, खतरनाक लड़ाई और शानदार एक्शन सीक्वेंस हैं। पोस्टर में लाल चंदन से इंस्पायर्ड एक शानदार गहरे लाल बैकग्राउंड है, जिसमें पुष्पा बीच में बैठी हैं, और करिश्मा और दबदबा दिखा रही हैं। बोल्ड टैगलाइन, मैं स्मगलर्स का किंग बनूंगा!, स्मगलिंग अंडरवर्ल्ड के टॉप पर उनके राज पर ज़ोर देती है। फिल्म की सफलता का क्रेडिट इसकी दिलचस्प कहानी, शानदार कास्ट और एक्सपर्ट डायरेक्शन को दिया जा सकता है। जापान में रिलीज़ होने के साथ, पुष्पा: द रूल दर्शकों को लुभाने के लिए तैयार है।

**अगस्त्य नंदा की फिल्म इक्कीस रिलीज से पहले रचेगी इतिहास, निर्माताओं ने बनाई खास योजना**

जोया अख्तर की फिल्म द आर्चीज से बॉलीवुड में कदम रखने वाले अगस्त्य नंदा दूसरी फिल्म के साथ तैयार हैं। उनकी आगामी फिल्म का नाम इक्कीस है, जिसे 25 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। फिल्म की टीम हाल ही में बॉलीवुड हंगामा ओटीटी इंडिया फेस्ट और इंडिया एंटरटेनमेंट अवार्ड्स 2025 में शामिल हुई। इस खास मौके पर निर्माता दिनेश विजान ने इक्कीस के प्रचार के लिए दिलचस्प योजना का खुलासा किया है।

मैडॉक फिल्म्स के निर्माता दिनेश ने कहा, मैं चाहता हूं कि यह फिल्म आप लोगों के लिए भी उतनी ही मायने रखे,

### संजय मिश्रा और महिमा चौधरी की फिल्म दुर्लभ प्रसाद की दूसरी शादी का टीजर जारी

संजय मिश्रा और महिमा चौधरी की अपकमिंग फिल्म दुर्लभ प्रसाद की दूसरी शादी का टीजर रिलीज हो गया है। इस फिल्म को लेकर पहले से काफी चर्चा थी। ऐसा इसलिए क्योंकि संजय मिश्रा की दूसरी शादी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। टीजर में संजय मिश्रा हल्के-फुल्के अंदाज में कॉमेडी करते हुए नजर आए हैं। वहीं महिमा चौधरी ग्लैमरस लुक में नजर आई हैं।

टीजर में सबसे पहले संजय मिश्रा नजर आते हैं। वह भगवान हनुमान से प्रार्थना करते हैं कि अगर उनकी कुंडली में दूसरी शादी लिखी है, तो कोई सुंदर, सुशील और कलावती महिला से शादी हो। वह हनुमान से कहते हैं कि प्रभु थोड़ा ध्यान रखना वर्ना ये लोग मुझे कहीं भी फंसा देंगे। इसके बाद वह महिमा चौधरी से टकरा जाते हैं। अगले सीन में संजय मिश्रा का बेटा उनके पास आता है और कहता है कि मां मिल गई।

# ऊन की स्कर्ट को स्टाइल करने के 5 बेहतरीन तरीके, जानिए

ऊनी स्कर्ट सर्दियों के लिए एक बेहतरीन विकल्प है। यह न केवल आपको गर्म रखती है, बल्कि स्टाइलिश दिखाने में भी मदद करती है। ऊनी स्कर्ट को आप अलग-अलग तरीकों से पहन सकती हैं। चाहे आप ऑफिस जा रही हों या दोस्तों के साथ बाहर जा रही हों, इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे फैशन टिप्स देंगे, जिनसे आप अपनी ऊनी स्कर्ट को और भी आकर्षक बना सकती हैं।



टी-शर्ट के साथ पहनें जैकेट

टी-शर्ट के साथ ऊनी स्कर्ट पहनना एक अच्छा विकल्प हो सकता है। आप अपनी पसंदीदा टी-शर्ट को ऊनी स्कर्ट के साथ पहनें और ऊपर से एक अच्छी जैकेट डालें। यह लुक न केवल आरामदायक है, बल्कि स्टाइलिश भी दिखता है। आप अपनी जैकेट को खुला रख सकती हैं ताकि आपकी टी-शर्ट दिखती रहे। इसके साथ ही आप अपने पसंदीदा जूते पहन सकती हैं, जैसे कि स्नीकर्स या बूट्स, जो आपके लुक को पूरा करेंगे।

बूट्स के साथ करें मेल

ऊनी स्कर्ट के साथ बूट्स पहनना सर्दियों में बहुत ही अच्छा लगता है। इसके लिए आप एंकल लेंथ बूट्स या घुटनों तक आने वाले बूट्स का चयन कर सकती हैं। ये बूट्स आपके लुक को एक अलग ही अंदाज देते हैं और आपको ठंड से भी बचाते हैं। आप चाहें तो बूट्स को मिलते-जुलते या विपरीत रंग में चुन सकती हैं, जिससे आपका लुक और भी खास लगेगा। इस तरह आप ठंड में भी स्टाइलिश दिख सकती हैं।

स्वेटर या कार्डिगन का करें उपयोग

ऊनी स्कर्ट के साथ स्वेटर या कार्डिगन पहनना एक अच्छा विकल्प हो सकता है। आप अपनी स्कर्ट के साथ मिलते-जुलते या विपरीत रंग का स्वेटर चुन सकती हैं, जो आपके लुक को खास बनाएगा। अगर आप अधिक औपचारिक लुक चाहती हैं तो हल्का कार्डिगन चुनें और अगर रोजमर्रा के लिए लुक पसंद है तो मोटा स्वेटर अच्छा रहेगा। इस तरह आप अपने स्टाइल को अलग-अलग मौकों पर आसानी से अपना सकती हैं।

बेल्ट लगाएं

बेल्ट का उपयोग करके आप अपनी ऊनी स्कर्ट को नया लुक दे सकती हैं। बेल्ट आपकी कमर को उभारती है और आपके पूरे लुक को आकर्षक बनाती है। आप चौड़ी या पतली बेल्ट दोनों का उपयोग कर सकती हैं। इसके अलावा बेल्ट का रंग भी आपके ऊनी स्कर्ट से मेल खा सकता है या फिर विपरीत रंग चुन सकती हैं। यह तरीका न केवल स्टाइलिश दिखता है बल्कि आपको एक अलग ही अंदाज भी देता है।

गहनों से करें पूरा

गहने आपके पूरे लुक को पूरा करते हैं। ऊनी स्कर्ट के साथ बड़े इयररिंग्स, चेन या अंगूठियां पहन सकती हैं जो आपके स्टाइल को और भी खास बनाएंगे। इसके अलावा आप हाथ में एक सुंदर क्लच बैग भी ले सकती हैं जो आपके लुक को पूरा करेगा। इस तरह से आप अपनी ऊनी स्कर्ट को अलग-अलग मौकों पर अलग-अलग अंदाज में पहन सकती हैं और हर बार नई-नई दिखेंगी।

००

# सर्दियों में बढ़ जाता है जोड़ों का दर्द? राहत पाने के लिए आजमाएं ये 5 तरीके

सर्दियों के दौरान जोड़ों में दर्द होना एक आम समस्या है। ठंड के मौसम में तापमान गिरने के कारण हमारी मांसपेशियां और हड्डियां भी ठंडी हो जाती हैं, जिससे जोड़ों में दर्द और अकड़न हो सकती है। इस लेख में हम कुछ सरल और प्रभावी तरीके बताएंगे, जिनसे आप सर्दियों में जोड़ों के दर्द को कम कर सकते हैं और आराम महसूस कर सकते हैं।



गर्म कपड़े पहनें

सर्दियों में जोड़ों के दर्द से बचाव करने का सबसे आसान तरीका है गर्म कपड़े पहनना। जब आप ठंडी हवा में बाहर निकलते हैं तो शरीर को गर्म रखने के लिए ऊनी या गर्म कपड़े पहनें, खासकर हाथों और पैरों को ढक कर रखें क्योंकि ये हिस्से सबसे ज्यादा ठंडे होते हैं। इसके अलावा सोते समय भी गर्म कंबल या रजाई का उपयोग करें ताकि रातभर आपको ठंड का सामना न करना पड़े।

गर्म पानी से नहाएं

गर्म पानी से नहाने से शरीर की मांसपेशियां और हड्डियां आराम महसूस करती हैं। यह तरीका न केवल जोड़ों के दर्द को कम करता है, बल्कि मानसिक शांति भी प्रदान करता है। आप चाहें तो नहाने के पानी में थोड़ा नमक या खुशबूदार तेल मिलाकर भी इस्तेमाल कर सकते हैं, जिससे और भी ज्यादा आराम मिलेगा। इसके अलावा आप गर्म पानी की बोतल या हीटर का भी उपयोग कर सकते हैं।

हल्की कसरत करें

हल्की कसरत करने से शरीर में खून का बहाव बेहतर होता है, जिससे जोड़ों को पोषण मिलता है और दर्द कम होता है। आप सुबह-सुबह टहलने जा सकते हैं या घर पर ही योग और स्ट्रेचिंग कर सकते हैं। इससे न केवल आपका शरीर सक्रिय रहेगा बल्कि मानसिक शांति भी मिलेगी। इसके अलावा नियमित कसरत से आपकी मांसपेशियां मजबूत होंगी और जोड़ों पर दबाव कम होगा, जिससे दर्द में राहत मिलेगी।

गर्म पेय पदार्थ पिएं

गर्म पेय पदार्थ जैसे चाय, सूप या हल्दी वाला दूध पीने से अंदरूनी गर्माहट मिलती है और शरीर का तापमान स्थिर रहता है। ये पेय पदार्थ न केवल आपके शरीर को गर्म रखते हैं, बल्कि उनमें मौजूद पोषक तत्व भी प्रदान करते हैं, जो जोड़ों के लिए फायदेमंद होते हैं। आप चाहें तो इन पेय पदार्थों में अदरक या तुलसी भी मिला सकते हैं, जिससे इनके सेहत के लिए फायदेमंद गुणों में और वृद्धि होगी। खान-पान का सही होना भी जोड़ों के दर्द को कम करने में अहम भूमिका निभाता है। अपने खाने में विटामिन-डी, कैल्शियम और ओमेगा-3 फैटी एसिड शामिल करें, जो हड्डियों और मांसपेशियों के लिए जरूरी होते हैं।

## शब्द सामर्थ्य - 249

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. आय व्यय का लेखा-जोखा, गणित, एकाउंट 3. विनती, अदब 6. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 7. मूल्यवान, बहुमूल्य 8. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 10. बराबर, सम 12. मुख, चेहरा 14. अनुकृति, अनुकरण, असल का विलोम 17. दिमाग, मस्तिष्क 18. मनोहर, सुंदर, इच्छित, प्यारा 19. गर्मी, ताप 21. रसिया, प्रेमी, रसपान करने वाला 23. दबाव, भार 24. भीख 25. काम से जी चुराने वाला, आलसी।

**ऊपर से नीचे**

1. साहस, वीरता, बहादुरी 2. बहिन, प्रवाहित होना 3. प्रणय क्रीडा, सुखोपभोग, हावभाव 4. विश्वास, प्रतीति 5. इंतजार 9. खाने-पीने का सामान, रसद 11. नशीला, मदभरा 12. घायल, जख्मी 13. झुकना, प्रणाम, नमस्कार 14. दृष्टि, निगाह 15. तीव्रइच्छा 16. अर्थ, अभिप्राय, स्वार्थ 20. इम्तिहान, योग्यता आदि को परखना 22. जुल्म, अन्याय 23. पत्नी, बीवी, एक प्रत्यय।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 248 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दा | ढ़ी | | की | | खा | सो | आ | म |
| वा | | त | म | त्रा | | | जा | |
| न | जा | क | त | | बा | अ | द | ब |
| ल | | ली | | त्रि | ला | प | | हा |
| | अ | फ | सा | ना | | मा | हि | र |
| दा | ब | | | श | गु | न | | |
| न | | उ | प | का | र | | शि | |
| व | | त्स | | र | | त | क | ला |
| | सा | व | न | | गु | रु | बा | र |




जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना बरगी में रात्रि राम मरकाम उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम मानेगांव ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह मजदूरी का काम करता है दिनांक 4-12-25 की रात लगभग 9-30 बजे ग्राम मानेगांव में लगी मड़ई में समीर गोटिया के साथ मडई घूमकर वापस आ रहा था तभी गुड्डा कोरी के घर के सामने रोड़ पर शुभम कोल, गौरव कोल, चंडी में समीर गोटिया से विवाद कर गाली गलौज करने लगे, उसने गालियां देने से मना किया तो दोनों उसके साथ गाली गलौज करने लगे गौरव कोल ने उसे पकड़ लिया



# कलेक्टर श्री सिंह ने लंबित राजस्वन प्रकरणों के समय-सीमा में निराकरण के दिए निर्देश





## कलेक्टर ने ली राजस्व अधिकारियों की बैठक

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। कलेक्टर श्री राघवेन्द्रस सिंह की अध्यक्षता में आज राजस्व अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। जिसमें मुख्य रूप से राजस्व प्रकरणों के निराकरण समय-सीमा में सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। बैठक में नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, किसानों के ई-केवयासी, खसरे में आधार लिंकिंग, अतिक्रमण हटाने, धारणाधिकार, अवमानना के प्रकरण आदि पर चर्चा कर कहा कि शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण करें। इसके अलावा राजस्व रिकार्डों के डिजिटाइजेशन, राजस्वक वसूली, भू-अर्जन, भूमि आवंटन के प्रकरणों में प्रगति लाने के निर्देश दिये। कलेक्टर श्री सिंह ने राजस्व प्रकरणों की पेंडेंसी खत्म करने के लिये आरसीएमएस में रोजाना दर्ज होने वाले प्रकरणों से अधिक का निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश राजस्व अधिकारियों दिये। उन्होंनने सीएम हेल्परलाईन की तहसीलवार समीक्षा की। सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण में तत्परता बरतने की हिदायत देते हुये कहा कि शिकायतों का निराकरण गुणवत्तापूर्ण और आवेदक की संतुष्टि के साथ किया जाये। बैठक के दौरान उन्होंकने सिकमी सत्याणपन, अवैध धान भंडारण पर निगरानी रखने के साथ एसआईआर के संबंध में भी राजस्वह अधिकारियों के साथ चर्चा कर आवश्यकर निर्देश दिये। बैठक में अपर कलेक्टर श्री नाथूराम गोंड सहित सभी राजस्व अधिकारी मौजूद थे।


## शहडोल के बस स्टैंड परिसर में हुआ दर्दनाक हादसा

# बस ने पुलिस आरक्षक को कुचला, मौके पर हुई मौत

शहडोल (संवाददाता)। बस स्टैंड के सामने रविवार दोपहर ड्यूटी पर तैनात पुलिस आरक्षक महेश पाठक को बस ने जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में आरक्षक महेश पाठक के सिर पर गहरी चोट पहुंची और वह कुचल गया जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक बस वहीं छोड़कर फरार हो गया। इस हादसे के बाद पूरा पुलिस विभाग गमगीन है।

कोतवाली थाने में पदस्थ आरक्षक महेश पाठक रविवार दोपहर लगभग 2 बजे बस स्टैंड पर ड्यूटी कर रहे थे। इसी दौरान ब्यौहारी की ओर से आ रही दादू एंड संस की बस तेज गति से बस स्टैंड के भीतर घुस रही थी। बताया जा रहा है कि तभी बस ने पहले आरक्षक महेश पाठक को टक्कर मारी और इसके बाद फिर बस का चका उनके सिर पर चढ़ गया। हादसे के बाद पूरे बस स्टैंड परिसर में अफरा-तफरी मच गई और तभी किसी ने इसकी सूचना पुलिस को दे दी। सूचना मिलते ही भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा और उसने आगे की कार्रवाई की। बताया जा रहा है कि हादसे के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया लेकिन बाद में पुलिस ने उसे पकड़ लिया। पुलिस ने बस को जब्त करके थाने में खड़ा किया है। यहां के लोगों का कहना है कि बस स्टैंड में अक्सर बसें तेज रफ्तार में घुसती हैं, जिससे दुर्घटना का खतरा बना रहता है। अतिक्रमण के कारण मार्ग संकरा हो जाता है और चालक अनियंत्रित रूप से वाहन भीतर प्रवेश करते हैं। नागरिकों ने नगर पालिका और परिवहन विभाग से सख्त निगरानी एवं अतिक्रमण हटाने की मांग की है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं पर रोक लग सके।

# शहपुरा भिटौनी में उर्स शाहे कासिमे नेमत का आयोजन आज



**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** मौलाना मुफ़्ती ए आज़म कासिमे नेमत के सालाना उर्स मुबारक पर वाज़ो तक़रीर का आयोजन आज सोमवार को आयोजित है। जिसमें सरपरस्ती मुफ़्ती इम्तियाज़ुल क़ादरी कासमी क़ाज़ी ए शरआ करेंगे । मीडिया प्रभारी सुल्तानुज़्ज़मा क़ादरी कासमी ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि आज सोमवार को रात 9 बजे महफिले नातो मनक़बत व वज़ो तकरीर उलमा ए किराम फरमाएंगे। जिसमें मुख्य वक्ता मौलाना मुफ़्ती अलताफ हुसैन कासमी खतीबो इमाम मक्का मस्जिद मक्का नगर जबलपुर, वा मुख्य वक्ता मौलाना मुफ़्ती तौफीक़ आलम कासमी खतीबो इमाम सालार मस्जिद गोहलपुर जबलपुर अपना ख़ि‍ताब फरमाएंगे। साथ ही हज़रत अल्लामा मौलाना मुफ़्ती हिफज़ुर्रहमान कासमी खतीबो इमाम नूर मस्जिद अहले सुन्नत पुरानापुल गोहलपुर जबलपुर आवाम को ख़ि‍ताब फ़रमायेंगे। नात खां हाफ़िज़ फैज़ान रज़ा नातो मनक़बत पेश करेंगे। कार्यक्रम की हिमायत मौलाना मुफ़्ती शाकिर कासमी, मौलाना मुफ़्ती तबरेज़ आलम कासमी, व मौलाना महबूब आलम शहपुरा, मौलाना असलम फारुकी पेश इमाम मस्जिद सूखारी, शेख मुहम्मद पेश इमाम मस्जिद मगर्दा, हाफ़िज़ फैज़ान कासमी करेंगे 7 आगाज़े जलसा मौलाना अजीमुश्शान किब्ला पेश इमाम मस्जिद शहपुरा वा मंच संचालन अब्दुल मज़ीद कासमी करेंगे 7 कार्यक्रम में अथिति हाफ़िज़ अज़हरुद्दीन पेश इमाम मस्जिद फूलर, हाफ़िज़ शब्बीर पेश इमाम मस्जिद मगरमुहा, हाफ़िज़ सिराज पेश इमाम मस्जिद मगरमुहा, हाफ़िज़ उस्मान पेश इमाम मस्जिद चरगवां, हाफ़िज़ शब्बीर पेश इमाम मस्जिद मगरमुहा, हाफ़िज़ अज़हर खान मगरमुहा, मास्टर हनीफ शहपुरा उपस्थित रहेंगे 7 सभी अक़ीदतमंदों से शिरक़त की गुज़ारिश की गई है



# आनंद का अनुभव- भंवरताल गार्डन का फाउंटेन ट्रायल शुरु



**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** शहर के सौंदर्य और नागरिकों के आकर्षण का केंद्र, भंवरताल गार्डन में बहुप्रतीक्षित फव्वारे (फाउंटेन) का ट्रायल सफलतापूर्वक शुरू कर दिया गया है। इस शानदार पहल से जल्द ही गार्डन की सुंदरता में चार चांद लग जाएंगे और यह स्थान नागरिकों के लिए %आनंद की अनुभूति% का केंद्र बन जाएगा।

**निगमायुक्त ने किया निरीक्षण**

नगर निगम आयुक्त, राम प्रकाश अहिरवार ने स्वयं मौके पर उपस्थित होकर फाउंटेन के ट्रायल कार्य का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने इंजीनियरिंग और उद्यान विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि फव्वारा अपनी पूरी भव्यता के साथ कार्य करे।

निगमायुक्त ने बताया कि ट्रायल सफल रहा है और अब पूरी तैयारी की जा रही है कि एक से दो दिन के भीतर ही इस आनंद की अनुभूति को आम जनमानस के लिए समर्पित कर दिया जाए। भंवरताल गार्डन का यह फव्वारा सिर्फ एक जल संरचना नहीं, बल्कि शहर के नागरिकों के लिए सुकून, सौंदर्य और सकारात्मक ऊर्जा का नया स्त्रोत बनने जा रहा है। निगमायुक्त श्री अहिरवार ने बताया कि फाउंटेन शुरू कराने का उद्देश्य शहर के प्रमुख स्थानों को और अधिक आकर्षक बनाना है ताकि नागरिक यहां आकर शांति और आनंद महसूस कर सकें। भंवरताल गार्डन का यह नया स्वरूप निश्चित रूप से जबलपुर की सुंदरता को बढ़ाएगा। जैसे ही यह फाउंटेन आम जनता के लिए खुलेगा, गार्डन में आने वाले लोगों को एक अद्भुत और मंत्रमुग्ध कर देने वाला दृश्य देखने को मिलेगा। निरीक्षण के मौके पर निगमायुक्त के साथ उद्यान अधिकारी आलोक शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

# कलचुरी फैमिली द्वारा पायली मे कल्चर कार्यक्रमों का आयोजन किया



**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** विगत दिवस कलचुरी फैमिली द्वारा पायली मे कल्चर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।क्लब की महिलाओं व पुरुषों ने अंताक्षरी,गीत संगीत व अन्य खेलों में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का संचालन राजीव चौकसे व कौशलेंद्र महाजन द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में कलचुरी फैमिली के रवींद्र शशि चौकसे, राजेन्द्र सीमा राय, श्री चंद कल्पना चौकसे,सूर्यप्रकाश निधि राय मिथलेश आशा चौकसे,विद्याशंकर किरण राय, श्याम मनोरमा राय,संदीप प्रीति चौकसे,कौशलेंद्र कल्पना महाजन,राजेश पप्पू जायसवाल, राजीव, चौकसे,संजय रोजी महाजन,सुरेंद्र जयश्री, रामजस कृष्णा चौकसे, राजेंद्र मंजू राय करेली वाले, ध्वनि चौकसे, संस्कृति राय आदि ने जोरदार ढंग से मिलन समारोह मनाया

## सनातन सेवा अलंकरण 14 दिसंबर को

जबलपुर। प्रसंग एवं साहित्य संसार के संयुक्त तत्वावधान में निरंतर कई वर्षों से श्री रामलीला समिति गढ़ा में अपना योगदान करने के लिए लोकराम कोरी को 14 दिसंबर अपराह्न तीन बजे साहित्य परिसर कचनार सिटी में सनातन सेवा अलंकरण प्रदान किया जाएगा जिसके अंतर्गत मिठाई लाल चक्रवर्ती, रवि शुक्ला, प्रकाश तिवारी, डॉ रानू रूही, डॉ विनीता पांडेय, तरुणा खरे, प्रीति नामदेव भक्तिमय मधुर गीत भजन प्रस्तुत करेंगी। मंगलभाव अशोक मनोध्याय देंगे। सहयोगी संस्था के रूप में शब्दरथ, काव्य कलश, सजल इकाई जबलपुर, मंचदीप, श्री रामलीला समिति गढ़ा, विजन जबलपुर के पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे।

# गजरथ का हुआ समापन



जबलपुर। जैन तीर्थ क्षेत्र स्थल पिसनहारि मढ़िया कि तलहटी बड़ा मैदान में आयोजित 1 दिसंबर से 7 दिसंबर तक आयोजित श्री मज्ज जिनेंद्र पंचकल्याण के महोत्सव, गजरथ महोत्सव विश्व कामना शांति महायज्ञ के अंतिम दिन भगवान का मोक्ष कल्याण दिवस पूरी विधि विधान के साथ संपन्न हुआ। साथ में मंडप बेदी की साथ सप्त गजरथ परिक्रमा के साथ-साथ आचार्य गुरुवर 108 समय सागर महाराज जी की धर्म देशना से उपस्थित जनसमूह लाभान्वित होकर पुण्य अर्जन कर धन्य हुआ। गोधूलि बेला में भगवान का जलाभिषेक भी संपन्न हुआ इस अवसर पर मध्य प्रदेश दिगंबर जैन परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष सुमन कुमार जैन, डॉक्टर निलेश जैन, डॉक्टर चंद्रेश जैन, राजकुमार जैन मामा, अमित जैन युवा, संजय जैन प्रभु की उपस्थिति विशेष रूप से उल्लेखनीय रही।

## 13 दिसंबर को आयोजित होगी जिले की सबसे बड़ी चित्रकला प्रतियोगिता

# गंदगी को हटाना है शहर को संवारना है और रानी दुर्गावती के राज्य में जल संरक्षण व्यवस्था पर छात्र-छात्राएं बनाएंगे चित्र

**शामिल होने वाले बच्चों को नगद इनाम सहित मिलेगी दोपहिया वाहन खरीदने पर 5000 तक की विशेष छूट**

जबलपुर। गढ़ा मंडला राज्य की वीरांगना रानी दुर्गावती की स्मृति में मित्र संघ द्वारा नगर निगम जबलपुर के सहयोग से चतुर्थ वर्ष चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिले की सबसे बड़ी प्रतियोगिता का आयोजन भंवरताल उद्यान में शनिवार 13 नवंबर को प्रात: 8,30 से 9-30 बजे तक होगा। बच्चों को 8-00 बजे कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित होना पड़ेगा इस प्रतियोगिता में पिछले वर्ष 3000 से अधिक छात्र-छात्राओं में भाग लिया था। जबकि इस बार 4000 छात्र-छात्राओं के शामिल होने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। ग्रुप ए में कक्षा छठवीं से आठवीं तक के छात्र छात्राओं द्वारा गंदगी को हटाना है शहर को संवारना है विषय पर चित्र बनाए जाएंगे वहीं ग्रुप बी में कक्षा नौवीं से 12वीं तक रानी दुर्गावती के राज्य में जल संरक्षण व्यवस्था पर छात्र-छात्राओं द्वारा चित्र बनाए जाएंगे। दोनों ही समूहों में प्रथम पुरस्कार 5100, द्वितीय पुरस्कार 2100 तथा तृतीय पुरस्कार ?1100 अलग-अलग समूहों में दिए जाएंगे। वहीं आयोजकों द्वारा सहभागियों के सहयोग से इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों को दो पहिया वाहन खरीदने पर 5000 रुपए तक की छूट भी दी जाएगी। इस प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं से आधिकाधिक संख्या में भाग लेने की अपील मित्र संघ की ओर से की गई है।

## दो पक्षों ने की आपस मारपीट

**जबलपुर** - थाना खमरिया में रात्रि श्रीमति तबुसम परवीन उम्र 31 वर्ष निवासी साउथ सिविल लाईन पचपेढ़ी सिविल लाईन ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह नगर निगम में आउट सोर्स कर्मचारी है दिनांक 4-12-25 की रात लगभग 10 बजे वह अपने घर के बाहर निकलकर देखी कार खड़ी थी जिसमें उसकी ननद रिहाना परवीन अपने पति सैय्यद जैनुल अली लड़के टीपू सुल्तान, बेटी सबनम परवीन और दामाद इजाज मंसूरी के साथ कार में बैठे थे, उसने पूछा कि घर के सामने कार क्यों खड़ी की है

# मुरारी बापू की राम कथा ओशो की स्मृति में एक छलावा है- यदि ओशो की प्रशंसा की तो हिंदू विरोधी समझा जाएगा

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** माँ नर्मदा अस्तित्व समिति अध्यक्ष स्वामी महेंद्रानंद जी ने बापू की कथा शैली पर सीधा कटाक्ष करते हुए कहा की मुरारी बापू, क्या आपका भगवान श्रीराम से विश्वास उठ गया है? कभी आप %अली मौला% गाते हैं तो कभी ओशो के प्रचारक बन जाते हैं। आप एक सच्चे सनातनी हिंदू कथाकार की भूमिका में नहीं हैं।

विज्ञप्ति में कहा गया है कि यदि मुरारी बापू ने राम कथा के मंच से ओशो की प्रशंसा में एक भी शब्द कहा, तो समिति उन्हें सीधे तौर पर हिंदू विरोधी समझेगी।स्वामी महेंद्रानंद ने तर्क दिया- ओशो का कोई धर्म नहीं था। वह हिंदू, जैन, सिख, ईसाई, बौद्ध कुछ नहीं थे। उनकी स्मृति में राम कथा का आयोजन करने का क्या औचित्य है? जबलपुर की सनातनी विरासत का अपमान- उन्होंने जबलपुर की सनातनी विरासत की याद दिलाते हुए कहा कि यह भूमि पूज्य करपात्री जी महाराज, पूज्य जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती महाराज, स्वामी सत्यमित्रानंद जी, पूज्य अखण्डानन्द जी और पूज्य राम किंकर जी जैसे प्रबुद्ध संतों की कर्मभूमि रही है, जिनके यहाँ प्रबुद्ध श्रोता हैं।ओशो डूब चुका है। आप उनका यशगान करके पाप न करें। केवल और केवल राम कथा कहें, आपका स्वागत होगा। अन्यथा, ओशो का झूठा यशगान आपको बहुत दु:ख देगा।

**भगवान राम पर अभद्र टिप्पणी और दुश्चरित्र का आरोप-**

विज्ञप्ति में यह भी आरोप लगाया गया है कि ओशो ने स्वयं भगवान श्रीराम पर अभद्र टिप्पणियां की थीं, जिसके वीडियो यूट्यूब पर उपलब्ध हैं। जो ओशो हमारे आराध्य भगवान श्री राम को नहीं मानते थे, उस ओशो की स्मृति में राम कथा का आयोजन जबलपुर निवासियों और हिंदुओं के साथ बहुत बड़ा छलावा है। ओशो को जबलपुर से भगाया गया था, और उन्होंने यहाँ ऐसा कोई कार्य नहीं किया जो स्मरण योग्य हो। उन्होंने सनातन सिद्धांतों को रूढ़िवादी कहा था और उनका दुश्चरित्र सारा संसार जानता है।

# एमपी ट्रांसको के पिंटू यादव ने अंतरक्षेत्रीय विद्युत कुश्ती प्रतियोगिता में जीता कांस्य पदक



**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) के ट्रांसमिशन लाइन मेंटेनेंस मुख्यालय, जबलपुर में पदस्थ पहलवान पिंटू यादव ने एक बार फिर अपनी उत्कृष्ट खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए अंतरक्षेत्रीय विद्युत कुश्ती प्रतियोगिता में 70 किलोग्राम वर्ग में कांस्य पदक जीतकर एम पी ट्रांसको का गौरव बढ़ाया है। संजय गांधी ताप विद्युत गृह, बिरसिंहपुर में हुई विद्युत क्षेत्र की इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में पिंटू यादव ने खंडवा के अनुभवी पहलवान विनोद तिवारी को पराजित करते हुए तीसरा स्थान हासिल किया। मुकाबले के दौरान उनके दांवपेंच, संतुलन और फुर्ती ने दर्शकों को प्रभावित किया और लगातार तालियां बटोरीं। हालाँकि पिछले दो वर्षों से स्वर्ण पदक जीतते आ रहे पिंटू यादव इस बार शीर्ष स्थान नहीं पा सके,

# सिहोरा को जिला बनाने जारी आंदोलन में अनशनकारी का वजन गिरा 9 दिसंबर से आमरण सत्याग्रह



सिहोरा। सिहोरा को जिला बनाए जाने की मांग अब निर्णायक संघर्ष में बदल चुकी है। कल से अन्न सत्याग्रह में बैठे राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के पूर्व प्रचारक का वजन गिरने के बाद आंदोलन की स्थिति गंभीर हो गई है, लेकिन संघर्ष करने वालों के हौसले अब भी अडिग हैं।

पिछले 24 घंटे से अन्न त्याग अन्न सत्याग्रह कर रहे राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के पूर्व प्रचारक प्रमोद साहू जी का वजन 1.35 किलोग्राम कम हो गया वही ब्लड प्रेशर सामान्य से बढ गया। पुराने बस स्टैंड पर जारी क्रमिक अनशन के पांचवे दिन कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ सिंधी समाज के लोग भी डटे हुए थे, जिससे साफ है कि यह आंदोलन अब किसी एक पार्टी या समाज का नहीं, बल्कि पूरे सिहोरा का आंदोलन बन चुका है।

9 दिसंबर- सिहोरा पहुंचेगा जनसैलाब आंदोलन समिति ने 9 दिसंबर को बहोरीबंद, मझौली, ढीमरखेड़ा और सिहोरा सहित सभी क्षेत्रों के लोगों से दोपहर 11 बजे सिहोरा पहुंचने का खुला आह्वान किया है। आयोजकों का दावा है कि इस दिन सिहोरा की



जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना गोहलपुर में राम बर्मन उम्र 30 वर्ष निवासी बादा नगर अमखेरा ने सूचना दी थी कि वह पुताई का काम करता है दिनांक 13-11-25 को उसे शाम लगभग 4 बजे बड़े भाई राजकुमार ने फोन पर बताया कि हिमांशु घर नहीं आया है जो धनीराम रजक का मकान लक्ष्मीनारायण परिसर नशा मुक्ति केन्द्र के पास अमखेरा में पुताई करने गया था जिसे सुबह लगभग 11 बजे काम के लिये धनीराम रजक के मकान में छोड कर आया था फिर वह एवं उसके पडौसी धनंजय के साथ हिमांशु को देखने लक्ष्मीनारायण परिसर गया देखा हिमांशु

## सर्द हवाओं की चपेट में एमपी, दो दिन चलेगी शीतलहर, जबलपुर में पारा 7.8 पर पहुंचा, उमरिया-शहडोल में सबसे ज्यादा ठंड

# लौटी हाड़ कंपाने वाली ठंड



जबलपुर. मध्यप्रदेश सर्द हवाओं की चपेट में है, जिसके चलते जबलपुर में पारा 7.8 डिग्री पर पहुंच गया. इसी तरह भोपाल, इंदौर, ग्वालियर सहित प्रदेश के 26 शहरों में तापमान 10 डिग्री से नीचे रहा. मौसम विभाग ने अगले 2 दिन शीतलहर चलने का अलर्ट जारी किया है. मौसम विशेषज्ञों की माने तो आज जबलपुर, भोपाल, सीहोर, राजगढ़ व सीहोर में शीतलहर चलने का अलर्ट है. वहीं सोमवार को भोपाल, राजगढ़, शाजापुर, सीहोर, सिवनी व शहडोल में कोल्ड वेव चलेगी. कहा जा रहा है कि वेस्टर्न डिस्टरबेंस के कारण पहाड़ी राज्य हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड व जम्मू-कश्मीर में बर्फबारी व बारिश हुई है. इन राज्यों से सर्द हवाएं मध्यप्रदेश में आ रही हैं. 24 घंटे के दौरान भोपाल, राजगढ़, सीहोर, शाजापुर व शहडोल में शीतलहर का असर देखने को मिला. वहीं इंदौर, सिवनी, शाजापुर, नरसिंहपुर व बैतूल में ठंडा दिन रहा. एक दिन पहले भी जबलपुर सहित कई शहरों में कोल्ड वेव की स्थिति बनी रही. जिससे दिन में ही ठिठुरन बनी रही. भोपाल में शीतलहर से जनजीवन पर भी असर देखने को मिला. एमपी में पहली बार तापमान 5 डिग्री से नीचे आ गया. वहीं 26 शहरों में पारा 10 डिग्री से नीचे रहा. शहडोल का कल्याणपुर सबसे ठंडा रहा. यहां पर न्यूनतम तापमान 4 डिग्री दर्ज किया गया. उमरिया में 4.8 डिग्री, राजगढ़ में 5 डिग्री, रीवा में 5.4 डिग्री, छतरपुर के नौगांव में 5.7 डिग्री व खजुराहो में 6.4 डिग्री, रायसेन में 7.4 डिग्री, दमोह-सतना में 7.5 डिग्री, मंडला में 8 डिग्री, मलाजखंड में 8.1 डिग्री, दतिया में 8.3 डिग्री, गुना में 8.4 डिग्री, बैतूल में 8.5 डिग्री, सीधी में 8.6 डिग्री, छिंदवाड़ा में 8.8 डिग्री, धार में 9.1 डिग्री, श्योपुर, सिवनी-नरसिंहपुर में 9.4 डिग्री, सागर में 9.9 डिग्री रहा. यदि बड़े शहरों पर एक नजर डाले तो जबलपुर में तापमान 7.8 डिग्री, ग्वालियर 7.6, उज्जैन 10 डिग्री रहा. मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि इस बार सर्दी का असर तेज रहा है. भोपाल में नवंबर की सर्दी का 84 साल का रिकॉर्ड टूट चुका है, जबकि इंदौर में 25 साल में सबसे ज्यादा ठंड पड़ी है. ऐसी ही ठंड दिसंबर और जनवरी माह में भी पड़ेगी. इन दो महीनों में प्रदेश में उत्तर भारत से सर्द हवाएं ज्यादा आती हैं. इसलिए टेम्प्रेचर में खासी गिरावट देखने को मिलती है.

## बरेला में अवैध बालाजी प्रीमियर कॉलोनी पर बड़ी कार्रवाई, एफआईआर दर्ज, रात में छापेमारी से हड़कंप



जबलपुर. बरेला स्थित अवैध रूप से विकसित की जा रही बालाजी प्रीमियर कॉलोनी पर शनिवार देर रात प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एफआईआर दर्ज कराई. मामला सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल है और इलाके में इस कार्रवाई को लेकर चर्चाएं तेज हैं.

अपर कलेक्टर ने बताया कि बरेला में अक्षय वैश्य द्वारा इस कॉलोनी को विकसित किया जा रहा था, जबकि उनके पास किसी भी प्रकार का लाइसेंस नहीं था. न ही कॉलोनी के लिए टीएनसीपी (टाउन एंड कंट्री प्लानिंग) से कोई अनुमति ली गई थी. प्रशासन के अनुसार यह पूरा विकास कार्य अवैध पाया गया. जानकारी के मुताबिक शनिवार देर रात करीब 1 बजे प्रशासनिक दल मौके पर पहुंचा. टीम में एसडीएम बरेला, नगर परिषद का अमला और पुलिस बल शामिल रहा. अधिकारियों ने मौके पर नजरी नक्शे की जांच, प्लॉटिंग, अवैध सड़क निर्माण और अवैध भू-विकास के साक्ष्यों का निरीक्षण किया. बताया गया कि कॉलोनी में बिना अनुमति बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित किया जा रहा था और लोगों को भ्रमित कर प्लॉट बेचे जा रहे थे. अवैध कॉलोनी विकास की पुष्टि होने पर प्रशासन ने संबंधित डेवलपर अक्षय वैश्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई. अधिकारियों का कहना है कि जिले में अवैध कालोनियों पर ज़ीरो टॉलरेंस की नीति लागू है और बिना अनुमति प्लॉटिंग करने वालों पर इसी तरह सख्त कार्रवाई जारी रहेगी. स्थानीय निवासियों और खरीदारों में इस कार्रवाई के बाद चिंता भी देखने को मिली है, क्योंकि कई लोग बिना सत्यापन प्लॉट बुक करा चुके थे. प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी कॉलोनी में निवेश करने से पहले टीएनसीपी की स्वीकृति और डेवलपर का लाइसेंस अवश्य जांचें.

## डेढ़ लाख के ईनामी अमित खम्परिया ने फरारी के दौरान मुम्बई में कराया इलाज, पुलिस को गुमराह करने नेपाल में होने की अफवाह उड़ाता रहा



जबलपुर. एमपी के जबलपुर की पुलिस ने 3 साल से फरार डेढ़ लाख के इनामी खनन माफिया अमित खंपरिया को नागपुर से गिरफ्तार किया है. वह फरारी के दौरान अपने पिता अनिरुद्ध चतुर्वेदी के साथ किराए के अपॉर्टमेंट में रह रहा था. यहां तक कि पुलिस को गुमराह करने के लिए नेपाल में होने की अफवाह उड़ता रहा. पुलिस अधिकारियों की माने तो शातिर बदमाश अमित खम्परिया ने फरारी के दौरान मुम्बई के एक बड़े अस्पताल में सर्वाइकल का इलाज कराया. वह पुलिस को गुमराह करने के लिए नेपाल भागने जाने की अफवाहें भी उड़ाता रहा. अधिकारियों का कहना है कि एक फोटो सामने आई है जिसमें वह दो-दो बंदूकधारियों के साथ नजर आ रहा है. शायद इसी कारण उससे डरकर लोगों ने शिकायतें नहीं की होगी. अब उसकी गिरफ्तारी हो चुकी है, ऐसे में और भी पीड़ित सामने आते हैं तो केस दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी. पुलिस ने अमित खम्परिया को न्यायालय में पेश कर तीन दिन का रिमांड लिया है. अमित खंपरिया पर उमरिया और सतना में कई आपराधिक मामले दर्ज हो गए थे. जिसके बाद वह जबलपुर आ गया. पुलिस से बचने के लिए वह मामा का सरनेम लगाने लगा. जबलपुर में रहते हुए उसने अपने सारे दस्तावेज वोटर आईडी, आधार कार्ड, पैन कार्ड भी इसी नाम से बनवा लिए. धीरे-धीरे लोग उसे अमित खंपरिया के नाम से ही जानने लगे. उमरियाए सतना में अपराध करने के बाद जब ये जबलपुर आया तो इसने 2010 में मारपीट की.

### शराब पीने के लिये रूपये की मांग, नहीं देने पर मारपीट

जबलपुर. - थाना घमापुर में विकास कालबाड़े उम्र 32 वर्ष निवासी सुभाषनगर भड़पुरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह डीपीएस स्कूल की गाड़ी में कंडेक्टर का काम करता है दिनांक 6-12-25 की शाम लगभग 7-50 बजे मोदी पान टपरा के सामने गुटका लेने के लिये खड़ा था तभी मोहल्ले का लखन कुचबंधिया उर्फ लखन खताबिया मिला जो शराब पीने के लिये एक हजार रूपये मांगने लगा, उसने रूपये देने से मना किया तो उसके साथ गाली गलौज करते हुये अपने आप को गुण्डा बताये हुये डंडा से हमलाकर उसके सिर, कनपटी एवं पैर में चोट पहुँचा दी जिससे वह गिर गया,

## अपराधियों के घर पुलिस ने दी दस्तक, रातभर चला कांबिंग गश्त



जबलपुर। जिले में कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाने और अपराधों की रोकथाम के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय (भा.पु.से.) के निर्देश पर शनिवार रात जिलेभर में सघन कांबिंग गश्त अभियान चलाया गया।

कांबिंग गश्त का संचालन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर आयुष गुप्ता (भा.पु.से.), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात सुश्री अंजना तिवारी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अपराध जितेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन व मौजूदगी में किया गया। अभियान में समस्त नगर पुलिस अधीक्षक, एसडीओपी, उप पुलिस अधीक्षक सहित शहर व देहात के सभी थाना प्रभारी अपने-अपने स्टाफ के साथ शामिल रहे।

कांबिंग गश्त के लिए शहर एवं देहात थानों में पदस्थ अधिकारियों-कर्मचारियों की विशेष टीमें बनाई गईं। प्रत्येक टीम का नेतृत्व थाना प्रभारी, उप निरीक्षक एवं सहायक उप निरीक्षक स्तर के अधिकारियों द्वारा किया गया। इसके साथ ही क्राइम ब्रांच की टीमें भी अभियान में सक्रिय रहीं। टीमों ने जिलेभर में दबिश देकर फरार आरोपियों की धरपकड़ की।

अभियान के दौरान पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी। कई वर्षों से 89 गैरम्यादी वारंट, 71 गिरफ्तारी वारंट, 50 जमानती वारंट कुल 210 वारंट तामील किए गए। इनमें से अधिकांश आरोपी लंबे समय से पुलिस से बचते फिर रहे थे, जिन्हें गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

कांबिंग गश्त के दौरान सक्रिय गुंडे-बदमाशों की चेकिंग की गई।




स्वात्ताधिकारी मुद्रक प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से माँ रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिन्टर्स, तथा 68/1, लक्ष्मीपुर विवेकानन्द वार्ड, मुश्कान प्लाजा के पीछे, एम.आर.-4 रोड, उखरी जबलपुर म.प्र. से मुद्रित तथा मकान नंबर 358 सांठियां कुंआ जबलपुर से प्रकाशित। ब्यूरो प्रमुख श्री विलक्षण सक्सेना, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जबलपुर रहेगा। भोपाल मो.नं. 7879652007, जबलपुर मो.नं.9300696096